● जयपुर, रविवार, 9 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 281 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 संदिग्ध स्थिति में युवक का शव मिलने का मामला, मामलें में तीन बदमाश...
पेज @5 शाह-राजनाथ की वापसी तय, नड्डा को भी मौका....
पेज @8 » जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी नवीन अवैध कॉलोनियो...

# नरेन्द्र मोदी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ

नईदिल्ली/एजेंसी।

पीएम मोदी आज यानी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में कई राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे. ऐसे में दिल्ली में दो दिनों तक कड़ी सुरक्षा होगी. दरअसल, पीएम मोदी के शपथ ग्रहण को लेकर राजधानी दिल्ली में 9 और 10 जून को कड़ी सुरक्षा रहेगी. इस दौरान राजधानी नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है. इस दौरान दिल्ली में पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, हॉट एयर बलून, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट और रिमोट से संचालित विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध रहेगा. ऐसे में अगर कोई लापरवाही की जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

इस संबंध में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है. उन्होंने बताया कि ऐसी सूचना है कि भारत विरोधी कुछ आपराधिक, असामाजिक तत्व या आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं. ऐसे में दिल्ली को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है.

## दिल्ली में दो दिन नो फ्लाइंग जोन, ऐसी होगी सुरक्षा



### ऐसी होगी दिल्ली की सुरक्षा

» खुफिया एजेंसियां सुरक्षा खतरों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए विदेशी एजेंसियों से संपर्क बनाए हुए हैं. हर विदेशी नेता के लिए व्यक्तिगत खतरे का आकलन किया जा रहा है.

» इसके साथ ही होटल कर्मचारियों की बैकग्राउंड जांच की जा रही है. जिससे ये सुनिश्चित किया जा सके कि उनसे कोई सुरक्षा जोखिम तो नहीं है.

» अलग कंट्रोल रूम से स्थिति पर नजर रखी जाएगी. किसी भी सुरक्षा खतरे का जवाब देने के लिए अलग नियंत्रण कक्ष बनाया जाएगा.

» शपथ ग्रहण के दौरान राज्य की सीमाएं सील की जाएंगी. जिससे अनधिकृत प्रवेश को रोका जा सके.

» इसके अलावा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपस्थिति बढ़ाई जाएगी. इसके साथ ही परिचालन जरूरतों के आधार पर प्रतिबंधों को और बढ़ाया जा सकता है.

इस दौरान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के पास ड्रोन और लेजर बीम गतिविधियों को रोकने के लिए भी निषेधाज्ञा लागू की गई है. इसके साथ ही बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस औ सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है. किसी भी अनधिकृत वाहन को सुरक्षा क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिए गहन जांच पड़ताल की जा रही है.

पीएम मोदी के शपथ ग्रहण को लेकर दिल्ली में सुरक्षा के त्रिस्तरीय इंतजाम किए गए हैं. जिसमें आंतरिक परिधि, बाहरी परिधि और सबसे बाहरी परिधि शामिल हैं. आंतरिक परिधि के अंतर्गत राष्ट्रपति भवन और कर्तव्य पथ के आसपास का उच्च सुरक्षा क्षेत्र. शपथ समारोह होगा. जबकि बाहरी परिधि में उन होटलों के आसपास सुरक्षा की दूसरी परत होगी जहां विदेशी राष्ट्राध्यक्ष और गणमान्य व्यक्ति ठहरेंगे. इनमें ताज, मौर्य, लीला और ओबेरॉय होटल शामिल हैं. जबकि सबसे बाहरी परिधि में मध्य दिल्ली के आसपास सुरक्षा की तीसरी परत होगी. जिसमें जमीन से हवा तक निगरानी और व्यापक सुरक्षा कवर शामिल है.

## नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आएंगे पड़ोशी देशों के राष्ट्राध्यक्ष

नईदिल्ली/एजेंसी।

9 जून, 2024 की शाम, राष्ट्रपति भवन गौरव से जगमगाएगा! देश के प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह होगा, और ये समारोह सिर्फ़ एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक विशेष और ऐतिहासिक पल होगा! देश के पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के नेता इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना - ये सब इस विशेष समारोह में हिस्सा लेने के लिए आ रहे हैं. मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे. ये सभी नेता नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के साथ ही उसी शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगे. यह 'नेबर फर्स्ट' नीति के अनुसार देश के पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के नेताओं को शपथ ग्रहण में आमंत्रित किया गया है. सिर्फ़ विदेशी मेहमान ही नहीं, बल्कि सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर काम करने वाले मजदूरों, सफाई कर्मियों और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. विकसित भारत के एम्बेसडर के रूप में वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनों पर काम करने वाले रेलवे कर्मचारियों और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को भी इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है.

**न्यूज़ अपडेट**

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन पर कोपेनहेगन में हमला, पीएम मोदी ने की निंदा

**नईदिल्ली/एजेंसी।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर ऊपर शुक्रवार को कोपेनहेगन में एक शख्स ने अचानक से हमला कर दिया . जिस हमले की प्रधानमंत्री ने निंदा की है. प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन पर हमले की खबर से बेहद चिंतित हूं. हम हमले की निंदा करते हैं. अपने दोस्त के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं. शुक्रवार को कोपेनहेगन के मध्य में पीएम पर एक व्यक्ति उस समय हमला किया जब वह चुनाव प्रचार के लिए निकली थी. हालांकि हमले के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. फ्रेडरिक्सन (46) चार साल पहले सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स की नेता के रूप में पदभार संभालने के बाद 2019 में प्रधानमंत्री बनीं। इस तरह वह डेनिश इतिहास की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री बन गईं. यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस हमले को घृणित कृत्य बताया है.

### सड़क चौड़ीकरण के कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में 4 लडकियां डूबी, एक की हुई दर्दनाक मौत

**पुणे/एजेंसी।** पुणे जिले के कोंडवा में कात्रज -कोंडवा सड़क को चौड़ा करने के लिए गड्ढे खोदे गए थे. जिसमें चार लड़कियां डूब गई. इसमें से तीन लडकियों को बचाया गया. जबकि एक लड़की की इस हादसे में मौत हो गई है. गगन उन्नति सोसाइटी के सामने महाकाली मंदिर के पास लगभग 15 फीट गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ था. इस जगह पर कुछ लोग झोपडियां बनाकर रह रहे थे. पास में ही पानी होने की वजह से रोजाना महिलाएं और लड़कियां यहां कपड़े धोने के लिए जाती है. लेकिन आज कुछ लड़कियां कपडे धोने के लिए जब यहां गई तो कुछ लडकियों को पैर फिसल गया और वो इस गड्ढे में गिर गई. इस दौरान किसी ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी. तब तक स्थानिक लोगों ने तीन लडकियों को बाहर निकाला. फायर ब्रिगेड की टीम ने चौथी लड़की को बाहर निकाला और उसे हॉस्पिटल लेकर गए , जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## मणिपुर के हिंसाग्रस्त जिले में 70 से ज्यादा घरों में आगजनी, कमांडो तैनात

इम्फाल/एजेंसी।



असम की सीमा पर स्थित मणिपुर के जिरीबाम जिले में भारी तनाव के बीच एक समुदाय विशेष के 70 से अधिक घर जला दिये गये हैं। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। मणिपुर पुलिस के कमांडो भी तैनात किये गये हैं। जिरीबाम में गुरुवार की रात संदिग्ध हथियारबंद हमलावरों द्वारा 59 वर्षीय सोइबाम सरतकुमार सिंह की हत्या के बाद जिरीबाम और पड़ोसी तामेंगलौंग जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को इम्फाल में बताया कि कथित तौर पर हथियारबंद हमलावरों ने जिरीबाम जले के लामताई खुनोऊ, दिबोंग खुनोऊ, नुनखल और बेगरा गांवों में एक विशेष समुदाय के घरों को जला दिया गया।

मेइती समुदाय के सोइबाम सरतकुमार सिंह की हत्या के बाद हिंसा भड×कने पर समुदाय के 200 से अधिक लोगों ने नये बने राहत शिविर में शरण ली है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात पीड़ित का शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। उनके शरीर पर कई घाव और कटे के निशान थे।

कुछ निर्जन ढांचों में आग लगाने के बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। जिरीबाम में कई प्रदर्शनकारियों ने उनके लाइसेंसी हथियार वापस करने की मांग की। हाल में हुए लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सबके लाइसेंसी हथियार जमा करा लिए गये थे।

प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने और जल्द से जल्द स्थिति सामान्य करने के लिए जिरीबाम जिले में असम राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

जिरीबाम और पड़ोसी तामेंगलौंग जिलों में मणिपुर पुलिस और केंद्रीय बलों की भारी तैनाती की गई है।

असम से सटे जिरीबाम जिले में मेइती, नागा, कुकी, मुस्लिम और गैर-मणिपुरियों की मिश्रित आबादी है। यह पिछले साल 3 मई को मणिपुर में शुरू हुई जातीय हिंसा की घटनाओं से अब तक अछूता रहा है।

राज्य के कई जिलों में मेइती और कुकी-जोमी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष में अब तक 220 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। दोनों समुदायों के 1,500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 70 हजार से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गये हैं।

दंगों में कई घर, सरकारी और गैर-सरकारी संपत्तियों तथा धार्मिक ढांचों को नुकसान पहुंचा है।

## राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर सीडब्ल्यूसी में प्रस्ताव पास, जल्द लिया जाएगा फैसला

नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक करीब 3 घंटे चली और इस बैठक में कई अहम प्रस्ताव पर चर्चा हुई और कई अपनाए गए। राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर प्रस्ताव पास हो गया और इस पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के बाद सीडब्ल्यूसी की यह पहली बैठक थी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में सभी नेता मौजूद थे। उन्होंने जनता को धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारे देश के लोगों को इस लोकतंत्र को बचाए रखने, इस गणतंत्र के संविधान की रक्षा करने और सामाजिक-आर्थिक न्याय को बढ़ाने के लिए इतने शक्तिशाली जनादेश के लिए बहुत बहुत बधाई है।



उन्होंने कहा कि इस देश की जनता ने पिछले एक दशक में की गई शासन की प्रकृति और शैली दोनों को निर्णायक रूप से नकार दिया है। लोकसभा चुनाव का ये जनादेश न केवल प्रधानमंत्री की राजनीतिक हार है, बल्कि उनकी नैतिक हार भी है। उन्होंने अपने नाम पर जनादेश मांगते हुए झूठ, नफरत, पूर्वाग्रह, विभाजन और अत्यधिक कट्टरपंथी अभियान चलाया था। यह जनादेश स्पष्ट रुप से लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं को 2014 के बाद निरंतर दबाए जाने के विरुद्ध है। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कुछ राज्यों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दुर्भाग्यपूर्ण प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए और मेहनत करने का संकल्प लेती है।

### सोनिया गांधी को चुना गया चेयरपर्सन

**नईदिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस की संसदीय दल की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है. कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को एक बार फिर चेयरपर्सन के तौर पर चुना गया है. मिली सूचना के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा था. बता दें कि, कांग्रेस की संसदीय दल की बैठक में तमाम दिग्गज कांग्रेस नेता संसद भवन के सेंट्रल हॉल पहुंचे हैं. बता दें कि, ये बैठक राहुल गांधी के रायबरेली से सांसद बने रहने और वायनाड छोडने की अटकलों के बीच हो रही है. खबर थी कि, इस मुद्दे पर आगामी 17 जून से पहले-पहले फैसला कर लिया जाएगा. वहीं बताया जा रहा है कि, इस मुद्दे पर कांग्रेस राहुल गांधी ने विचार करने का समय मांगा है. गौरतलब है कि, जहां एक ओर लोकसभा चुनाव नतीजों के ऐलान के साथ ही 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया का आगाज हो गया है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन भी दमदार विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए तैयार है.

आज, कांग्रेस ने चुनाव नतीजों पर चर्चा के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई थी, जिसमें कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी को लोकसभा में पार्टी का नेता नियुक्त करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया. हालांकि इसपर राहुल गांधी ने सोचने के लिए वक्त मांगा है.

### दिल्ली के नरेला में फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 3 मजदूरों की मौत, 6 गंभीर



**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में शनिवार तड़क गैस रिसाव होने के बाद भड़की भीषण आग में 3 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए।सूचना पर दमकल लेकर पहुंचे कर्मचारियों ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया और झुलसे लोगों को निकालकर एसएचआरसी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने 3 को मृत घोषित कर दिया और 6 अन्य को गंभीरावस्था में सफदरजंग अस्पताल रैफर कर दिया। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि मूंग को एक गैर बर्नर पर भूना गया था। उसी दौरान एक पाइट से गैस रिसाव होने से आग लग गई और वह पूरी फैक्ट्री में फैल गई।उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान श्याम, राम सिंह और बीरपाल के रूप में हुई है। इसी तरह 6 अन्य घायलों का सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा है। आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से शुक्रवार को ही सभी फैक्ट्री संचालकों को अपनी-अपनी फैक्ट्रियों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करने के आदेश दिए थे। उसके बाद कुछ घंटों बाद ही यह आग लग गई।उन्होंने बताया कि घटना को लेकर लापवाही बरतने का मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा यह भी पता लगाया जा रहा है कि आखिर गैस लीक कैसे हुई। 15 दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया है।

### सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गोलीबारी में मजदूर की मौत

**सांबा/जम्मू/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 28 वर्षीय मजदूर वासुदेव के सीने में गोली लगी थी. अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. न्होंने बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्माण परियोजना पर काम कर रहा था और उसी दौरान् उसे गोली लगी. सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं.

### नाबालिग से जबरन शादी और दुष्कर्म करने के मामले में व्यक्ति को 10 वर्ष कैद की सजा

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2017 में नाबालिग से जबरन शादी और दुष्कर्म करने के मामले में 49-वर्षीय एक व्यक्ति को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई. अदालत ने कहा कि सजा सुनाते समय इस तरह की घटनाओं की रोकथाम और सुधार दोनों उद्देश्यों के बीच संतुलन कायम करने की जरूरत है. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंकित मेहता इस वर्ष अप्रैल में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के दुष्कर्म के प्रावधानों, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह (गंभीर यौन उत्पीडन्) और बाल विवाह निषेध अधिनियम की धारा नौ (बच्ची से विवाह करने वाले वयस्क पुरुष के लिए दंड) के तहत दोषी ठहराया गये आरोपी के मामले की सुनवाई कर रहे थे. अभियोजन पक्ष के अनुसार, दोषी ने 13-वर्षीय नाबालिग से विवाह किया और उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए.

# 'नीट' की नीयत में खोट!

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से है। ठीक हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ की हड्डी की तरह, लेकिन इन क्षेत्रों में पेपर लीक होते हैं। इस बार 67 छात्रों ने 720 अंक हासिल किए, यह पूरी तरह असंभव है। पिछले साल तीन छात्रों ने 720 अंक हासिल किए थे। परीक्षा में कथित तौर पर गड़बड़ियों को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की हैं।

आईएमए जूनियर डॉक्टर्स ने आज ही राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को पत्र लिख कर सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का भी अनुरोध किया। क्या यह देश का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला है? छह छात्रों के सीट नंबर एक ही क्रम से हैं। दो छात्रों ने 718 और 719 अंक हासिल किए हैं, यह पूरी तरह असंभव है। नीट परीक्षा में 180 प्रश्न होते हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार अंक होते हैं। यदि कोई एक प्रश्न गलत करता है तो उसके अंक 715 और 716 के आसपास होने चाहिए। यह पूरी तरह से घोटाला है लेकिन नीट इसे नजरअंदाज करने जा रही है? सीरियल नंबर 62 से 69 तक के छात्रों के लिए केंद्र कोड एक ही है। नीट 2024 में ग्रेस मार्क्स एक और घोटाला है। क्या सभी टॉपर परीक्षा देने के लिए एक ही केंद्र पर जाते हैं? दाल में कुछ काला और पूरी दाल ही काली है? हर छात्र को निष्पक्ष मौका मिलना चाहिए, कट-ऑफ में यह भारी वृद्धि स्पष्ट रूप से बड़े पैमाने पर पेपर लीक का संकेत देती है। एनटीए द्वारा सबसे अधिक संभावना एक बड़ी प्रोग्रामिंग त्रुटि है जिसमें उन्होंने ओएमआर प्रतिक्रिया पत्रक के आधार पर अंकों का गलत मूल्यांकन किया है। छात्र 718, 719 अंक प्राप्त नहीं कर सकते हैं। पूर्ण अंक 720 हैं। प्रत्येक सही के लिए, आपको 4 मिलता है और प्रत्येक गलत के लिए आपको-1 मिलता है। इसलिए, यदि कोई छात्र- सभी 180 प्रश्न सही करता है, तो उसे 720 अंक मिलते हैं जो प्राप्त करने योग्य है। 1 गलत, 179 सही, उसे 715 मिलते हैं। 0 गलत, 179 सही, उसे 716 मिलते हैं तो, 718,719 कैसे प्राप्त किया जा सकता है? ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि वे -5 के बजाय प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए -1 प्रदान करें।

ऐसे में हम भूल रहे हैं कि इस साल नीट में कितना बड़ा घोटाला हुआ है? और आश्चर्य की बात है कि हर कोई इसके बारे में चुप है, सिर्फ इसलिए क्योंकि एनटीए एक विश्वसनीय केंद्रीय एजेंसी है? एक छात्र को 720/720 स्कोर करने के बाद भी एम्स दिल्ली में मौका नहीं मिल रहा है? क्या यह किसी तरह की लापरवाही है? परिणाम 14 जून के बजाय 4 जून (चुनाव परिणाम दिवस) को क्यों घोषित किए गए? कुछ गड़बड़ है, लाखों नीट उम्मीदवार इसका उत्तर चाहते हैं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह अपराध है कि एनटीए लाखों छात्रों के करियर के साथ खिलवाड़ कर रहा है। यह बिलकुल स्पष्ट है कि नीट पेपर लीक के कारण विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। और चुनाव नतीजों की शाम को नतीजे जारी करने का यह विचार सिर्फ मामले को दबाने की कोशिश का एक और तरीका है। स्कूल बोर्ड भी इससे अछूते नहीं दिखते। अनुचित साधनों के इस्तेमाल, कदाचार, धोखाधड़ी और पेपर लीक के कारण कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं भी प्रभावित हुई।लोग यह नहीं समझते कि 2016 में #उइरए द्वारा पेपर लीक और घोटालों के कारण ही पुनः नीट आयोजित किया गया था, इसे 2024 में फिर से क्यों नहीं आयोजित किया जा सकता है? साथ ही एक जगह नहीं, बहुत जगहों पर पेपर लीक हुआ है, 5 मई से पहले पेपर सकुर्लेट हो रहा था टेलीग्राम पर। जिसे एनटीए ने नहीं स्वीकारा। कितने लोगों ने ऑनलाइन ही देख लिया था? उनको कैसे पहचानेंगे पुनर्मूल्यांकन से? हम केवल 700-720 अंक लाने वाले लोगों के घोटालों के बारे में जानते हैं, हम नहीं जानते कि कम अंकों के लिए ऐसी कितनी गलतियाँ हैं ? इस साल परीक्षा पेपर लीक के कई मामलों ने एक बार फिर देश की शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली की नींव हिलाकर रख दी है। सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा, से लेकर राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षाओं तक, कई परीक्षाओं में गड़बड़ी की गई है, जिससे उन लोगों के लिए निष्पक्षता और न्याय पर एक वैध सवाल खड़ा होता है, जिन्होंने परीक्षा पास करने के लिए किसी भी अनुचित तरीके का सहारा नहीं लिया। लोकसभा में पारित विधेयक में 'विभिन्न अनुचित साधनों में लिप्त व्यक्तियों, संगठित समूहों या संस्थाओं को कानूनी रूप से रोकने' का भी प्रावधान है।

सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 पारित किया, जिसमें इसे गैर-जमानती अपराध घोषित किया गया, जिसके लिए न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम पांच वर्ष कारावास की सजा और 10 लाख रुपये का जुमार्ना है। फिर भी, विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक मामले और उत्तर कुंजी कथित तौर पर व्हाट्स ऐप, एक्स (पूर्व ट्विटर), फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे थे। कदाचार, प्रतिरूपण और पेपर लीक के मामलों के कारण परिणाम घोषणा और भर्ती में देरी हो रही है, जिससे परीक्षाएं रद्द हो रही हैं। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और स्नातकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

# भारतीय विचार विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय



हृदयनारायण दीक्षित

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू-कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद 370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असम्भव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे। लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं। लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है। मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन के




नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की। 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुल कर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है। योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता साम्प्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सवार्नुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतसंर्गीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादायी था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', ह्यएकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# आर्थिक विकास की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2023-24 भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ

प्रहलाद सबनानी

हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए विकास से सम्बंधित आंकड़े जारी किये गए हैं। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक एवं वैश्विक स्तर पर कार्यरत विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाते हुए कहा था कि यह 7 प्रतिशत के आसपास रहेगी। परंतु, वित्तीय 2023-24 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर इन अनुमानों से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भी भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है जो पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे विश्व में प्रथम 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक विकास दर भारत की आर्थिक विकास दर के कहीं आसपास भी नहीं रही है। अमेरिका की आर्थिक विकास दर 2.3 प्रतिशत, चीन की आर्थिक विकास दर 5.2 प्रतिशत, जर्मनी की आर्थिक विकास दर तो ऋणात्मक 0.3 प्रतिशत रही है। जापान की आर्थिक विकास दर 1.92 प्रतिशत, ब्रिटेन की 0.1 प्रतिशत, फ्रांस की 0.9 प्रतिशत, ब्राजील की 2.91 प्रतिशत, इटली की 0.9 प्रतिशत एवं कनाडा की 1 प्रतिशत रही है, वहीं भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर को देखते हुए अब तो ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2027 तक जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निश्चित ही बन जाएगा। विनिर्माण, खनन, भवन निर्माण एवं सेवा क्षेत्र, यह चार क्षेत्र ऐसे हैं जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद को तेजी से आगे बढ़ाने में अपना विशेष योगदान देते हुए नजर आ रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के चलते ही सम्भव हो पा रहा है। वास्तविक सकल मान अभिवृद्धि के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 की चतुर्थ तिमाही में विनिर्माण के क्षेत्र में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में केवल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी थी। इसी प्रकार, खनन के क्षेत्र में भी इस वर्ष की चतुर्थ तिमाही में वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.9 प्रतिशत की रही थी। भवन निर्माण के क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत की रही थी। नागरिक प्रशासन, सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में 7.3 प्रतिशत से बढ़कर इस वर्ष चौथी तिमाही में 7.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। परंतु, कृषि, सेवा एवं वित्तीय क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में कुछ कम रही है। वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में लगातार कम हो रही वृद्धि दर के बावजूद भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि दर का होना यह दशार्ता है कि अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आ रही परेशानियों का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं के बराबर हो रहा है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर तेज गति से आर्थिक वृद्धि करने में सफल हो रही है। परंतु, भारत में कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जिन पर, आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे, हाल ही के समय में भारत में निजी खपत नहीं बढ़ पा रही है और यह 4 प्रतिशत की दर पर ही टिकी हुई है। साथ ही, निजी क्षेत्र में पूंजी निवेश भी नहीं बढ़ पा रहा है। भारत में निजी खपत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत है। यदि सकल घरेलू उत्पाद के इतने बड़े हिस्से में वृद्धि नहीं होगी अथवा कम वृद्धि दर होगी तो देश में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत में निजी खपत इसलिए भी नहीं बढ़ पा रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में घरेलू देयताएं सकल घरेलू उत्पाद के 5.7 प्रतिशत के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई हैं एवं बचत की दर भी सकल घरेलू उत्पाद के 5.2 प्रतिशत पर अपने निचले स्तर पर आ गई है, जो 10 वर्ष पूर्व 7 प्रतिशत से अधिक थी। वहीं दूसरी ओर, दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रांस एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल कर लिया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, केवल दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का हो गया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया और अब यह 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया है। इस प्रकार भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 50.86 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 8.44 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को ऋणात्मक प्रतिफल दिए हैं। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.36 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चौथे स्थान पर भारत का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पांचवे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि कुछ समय पश्चात ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण जापान शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

# इन नवनिर्वाचित सांसदों पर देश की रहेगी नजर



आरके सिन्हा

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनका गहन विश्लेषण भी हो रहा है पर इस प्रक्रिया के दौरान उन तीन नतीजों पर भी देश को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा जहां से देश के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले तीन उम्मीदवार जीत गए हैं। पंजाब की खडूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम सिख राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलाव और पंथिक राजनीति के पुनरुत्थान का संकेत देते हैं। कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब से और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह ने फरीदकोट से जीत हासिल की है, दोनों ही निर्दलीय मैदान में थे। अमृतपाल सिंह खालिस्तान के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से इंजीनियर राशिद का राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमेर अब्दुल्ला को हराना अपने आप में सामान्य घटना नहीं हैं। राशिद पाकिस्तान परस्त रहे हैं और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पहले बात कर लें अमृतपाल सिंह की। उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम के डिब्रूगढ़ में जेल में रखा गया। सरबजीत सिंह की जीत ने भी साबित कर दिया है कि सिख अभी तक ऑपरेशन ब्लू स्टार और उन भयानक सिख विरोधी दंगों को भूले नहीं हैं। सच में फरीदकोट ने बड़ा आश्चर्यजनक नतीजा दिया जब सरबजीत सिंह ने हंसोड़ लोकप्रिय अभिनेता करमजीत अनमोल को हरा दिया, जबकि उनका फरीदकोट में कोई बड़ा नेटवर्क नहीं था। जब इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल के कारण सरबजीत सिंह के पिता को गिरफ्तार किया गया था, वे तब मात्र छह साल के थे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे पहले भी कई चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं। उन्होंने 2007 में बरनाला जिले के भदौर से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15,702 वोट मिले।

उन्होंने 2004 में बठिंडा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा और असफल रहे। उन्हें 1,13,490 वोट मिले। 2009 और 2014 में उन्होंने फिर से क्रमशः बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। सरबजीत सिंह की मां, बिमल कौर और उनके दादा सुच्चा सिंह पूर्व में लोकसभा के लिए चुने गए थे। सरबजीत सिंह इस बार तो चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। उनसे जब बहुत लोगों ने चुनाव लड़ने की गुजारिश की तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए। वे अपनी कैंपेन में सिखों के मसलों के अलावा फरीदकोट में नशे की बढ़ती समस्या से लड़ने का वादा कर भी रहे थे। फरीदकोट के लिए कहा जाता है कि यह जिला नशाखोरी की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है। अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-



पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे। खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यह सीट सिखों का गढ़ मानी जानी जाती है। अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने कार्यालयों में भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए थे। उन्होंने भी ड्रग संस्कृति को समाप्त करने और बंदी सिखों को रिहा कराने का वादा किया। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में कई उलटफेर देखने को मिले। ऐसी ही जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट है। यहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जेल में बंद निर्दलीय इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख से हार का सामना करना पड़ा। इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख फिलहाल उसी तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बंद हैं। राशिद शेख को साल 2019 में एनआईए ने टेरर फंडिंग के केस में गिरफ्तार किया था। अमृतपाल की तरह से उन्होंने भी जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा। अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा कि राज्य में देश विरोधी ताकते कैसे अपने पैर जमा रही हैं? पंजाब में आआप की नीतियों को लेकर तो जनता में खासा गुस्सा दिखाई दिया। राज्य की जनता आप के नेता अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से नाराज है। आआप ने पंजाब में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। उसे उम्मीद थी कि राज्य में उसकी सरकार है, ऐसे में वह कम से कम राज्य की 13 सीटों में से 10 पर तो जीत हासिल करेगी। हालांकि, उसे तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। होशियारपुर, आनंदपुर साहिब और संगरूर को छोड़कर बाकी की सभी 10 सीटों पर आआप को हार का सामना करना पड़ा। आआप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आईं। यह सब सीटें आआप हार गई। आम आदमी पार्टी को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें ह्लटुकड़े-टुकड़े गैंगह्व के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दशार्ता है।एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने मानवीय आधार पर उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। उन्हें अगस्त 2019 में कश्मीर के सभी मुख्यधारा के राजनेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तब अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। राशिद लगातार देश और हिन्दू विरोधी हरकतें करने से बाज नहीं आते। 8 अक्टूबर 2015 को इंजीनियर राशिद पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अंदर भाजपा विधायकों द्वारा हमला किया गया था, क्योंकि उन्होंने सरकारी सर्किट हाउस के लॉन में गोमांस परोसने वाली एक पार्टी की मेजबानी की थी। जाहिर है, उपर्युक्त तीनों नव निर्वाचित सांसदों की गतिविधियों पर देश को पैनी नजर रखनी होगी। मेरी तो यही शुभकामना है कि ये देश की बदली परिस्थिति में अपना चाल-चरित्र और चेहरा बदलें वरना देश की राष्ट्रवादी सरकार की सख्त कार्रवाई को भुगतने को तैयार रहें।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## संक्षिप्त खबर

### मां शाकंभरी के दरबार में अगले महीने होगा 9 कुंडीय सहस्त्रचंडी महायज्ञ



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल शाकंभरी सकराय धाम में स्थित कुलदेवी मां शाकंभरी के आशीर्वाद और प्रेरणा से आषाढ़ सुदी गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर मां शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम (रजी) के तत्वाधान में निकटवर्ती धार्मिक स्थल सकरायधाम की पावन धरा पर मां शाकंभरी हवनात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 9 कुंडिय सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन 6 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक समिति के तत्वावधान में किया जाएगा। सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन देश में शांति, सभी भक्तो की मनोकामनाओ को पूर्ण करने हेतु किया जा रहा है, यह महायज्ञ भाग्य उदय करने वाला है जिसकी लालिमा में सर्व विकार नष्ट होकर जीवन कांतिमय एवं ओजपूर्ण बनता है इस महायज्ञ के लिए समिति के द्वारा सभी तैयारीया शुरू कर दी गई है। समिति के अध्यक्ष- राजेश धानुका ने बताया कि आयोजन को लेकर मैया भक्तो और कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क किया जा रहा है। समिति ने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे और महायज्ञ को और ज्यादा दिव्य और भव्य बनाए।

### जमीन पर कब्जा करने के इरादे से दबंगों ने दलित परिवार पर किया जानलेवा हमला

**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर जिला कलेक्टर को दलित परिवार ने न्याय न मिलने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि 10 मई 2024 को अपने परिवार के साथ अपने खेत खसरा नंबर 1327 पर कांटेदार पेड़ो को काटकर सफाई कर रहे थे तभी मेरे गांव के ध्वजा मोरोली निवासी दबंग लोगों ने एक राय मशविरा कर हथियारों से लैस होकर भंवर सिंह, मोहन, राधे, कंवर सिंह, महेंद्र, समय सिंह, गोविंद गिरधारी, शिव सिंह, विजय, रामराज जाति गुर्जर ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने के इरादे से धारदार हथियारों से हमला कर दिया पीड़ित परिवार के रमेश, मोहनसिंह,सावित्री के गंभीर चोटे आई है। पीड़ित परिवार के हाथ पैर तोड़ दिए गए। उनका इलाज आरबीएम अस्पताल भरतपुर में जारी है। पीड़ित परिवार ने उक्त घटना के संबंध में पुलिस थाना सदर बयाना पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है लेकिन पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस प्रशासन आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस प्रशासन दबंगई के आगे पस्त दिखाई दे रही है दबंग लोग राजनीति से रसूखदार है। पैसे से धनाढ्य हैं। जिसके आगे प्रशासन मौन दिखाई दे रहा है। दलित परिवार ने भरतपुर जिला कलेक्टर से ज्ञापन के माध्यम से आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं पीड़ितों को न्याय सुरक्षा एवं राहत दिलाने की मांग की है।

### रक्तदान शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन




**चमकता राजस्थान, हिंडौन (राजवीर सिंह)।** रक्तदाता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई के सुपुत्र यश गारूवाल के जन्मदिवस पर 16 जून को भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर हिंडौन सिटी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शनिवार 8 जून को जिला परिषद सदस्य भूपेन्द्र सिंह सोलंकी ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर रिंकू सोलंकी, नरेन्द्र गारूवाल, भाग्य सिंह मौर्य, हेमंत कुमार, रणवीर बंशीवाल, संदीप, विष्णु, राहुल गुलशन, आकाश जगरवाल आदि मौजूद रहे।

### आजाद क्रिकेट क्लब अलीपुर प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**चमकता राजस्थान, भुसावर (राजवीर सिंह)।** उपखण्ड के गांव अलीपुर में आजाद क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का सुभारंभ गोला कुआं कॉलोनी अलीपुर में 8 जून 2024 को शनिवार को मुख्य अतिथि रामवीर गुर्जर सरपंच एवं घनश्याम डायरेक्टर की उपस्थिति में किया गया।जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र पटवारी, नेमीचंद पूर्व सरपंच,किशन सिंह जाटव पूर्व सरपंच, बबली अध्यापक, राजेश सेक्रेट्री, दिनेश दिल्ली पुलिस, योगेश अध्यापक ने भाग लिया।क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता में भाग लेनी वाली टीम के लिए 1100 सौ रुपए एंट्री फीस रखी गई है। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 21000 रुपए व शील्ड एवं द्वितीय विजेता टीम के लिए 11000 रुपए व शील्ड रखी गई है। इस प्रतियोगिता कमेटी में मनीष महोलिया हितेश, बच्चूसिंह गुनेश, समंदर लोकेश कारी सचिन सत्येंद्र आकाश सदस्य हैं।

### न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के स्थापना दिवस पर करेगा वृक्षारोपण

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष (ग्रामीण) जगदीश मीणा ने कहा कि देश एवं प्रदेश के न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के सभी पत्रकार साथी सामाजिक कार्य करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें और आगामी 16 जून को संगठन का स्थापना दिवस समारोह पूरे देश में वृक्षारोपण रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा शिविर आयोजन करके संगठन के कार्यकर्ता मनाएंगे देश एवं प्रदेश के सभी संगठन से जुड़े पत्रकार साथियों को संदेश देते हुए जगदीश मीणा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एल शर्मा के आदेशानुसार सभी ब्लॉक जिला प्रदेश एवं देश के अग्रिम संगठन इस कार्यक्रम को हरसोलास से मनाएंगे इसकी तैयारी हेतु प्रदेशों में प्रभारी लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# संदिग्ध स्थिति में युवक का शव मिलने के मामलें में तीन बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने किया खुलासा-पैसे लेनदेन विवाद में सुपारी देने पर युवक की गोली मारकर हत्या

चमकता राजस्थान

**नदबई, (राजवीर सिंह)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव हन्तरा के समीप ईंट भट्टें पर संदिग्ध स्थिति में एक युवक का शव मिलने के मामलें में लखनपुर थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार हलैना थाना क्षेत्र के गांव न्यामद्पुर निवासी राधेलाल पुत्र दयाराम कुम्हार, लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मई निवासी लक्ष्मन सिंह व सेवर थाना क्षेत्र के गांव बरसों निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र गजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से राधेलाल व लक्ष्मन सिंह को पुलिस रिमाण्ड़ पर भेज दिया गयागौरतलब है कि हलैना थाना क्षेत्र के गांव न्यामद्पुर निवासी सुरेन्द्र व राधेलाल के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद चल रहा। इसी के चलते राधेलाल ने सुरेन्द्र सिंह की हत्या करने के लिए लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मई निवासी लक्ष्मन सिंह व मनोज को एक लाख की सुपारी दी। घटना से पहले राधेलाल बहला फुसलाकर सुरेन्द्र सिंह को अपने साथ बाइक पर बैठाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव हन्तरा के समीप ईंट भट्टे पर ले गया। जहां पहले दोनों ने एक साथ शराब पी। बाद में राधेश्याम ने बदमाशों को मौके पर बुलाया। जहां बदमाशों ने शराब के नशे में सुरेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी।मामलें में मृतक सुरेन्द्र सिंह के भाई पुष्पेन्द्र सिंह ने मारपीट कर हत्या करने का आरोप



लगाते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने पर लखनपुर थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने जांच पडताल कर राधेलाल को हिरासत में लिया। मामलें में पैसे के लेनदेन पर विवाद होने व एक लाख की सुपारी देकर हत्या कराने का खुलासा होने पर पुलिस टीम ने पहले राधेश्याम को व बाद में राधेश्याम की निशानदेही पर लक्ष्मन सिंह व पुष्पेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया।

### हम दो हमारे बारह फिल्म की रिलीज़ पर रोक



**प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत की प्रेस कॉन्फ्रेंस का असर**

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** प्रदेश स्तर पर प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस तथा समस्त मीडिया द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध की कवायद के बाद हम दो हमारे बारह फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगा दी है। प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत के अध्यक्ष अब्दुल लतीफ आरको के फौरी एक्शन तथा जागरूकता जिसमे फिल्म सेंसर बोर्ड को कड़ी आपत्ति जताते हुए महापंचायत के सचिव एडवोकेट मिन्हाज अबूजर मंसूरी द्वारा कराए गए विभिन्न मेल के पश्चात खबर आ रही है की मुंबई हाई कोर्ट ने किसी व्यक्ति की याचिका पर दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए फिलहाल हम दो हमारे बारह फिल्म जो 07 जून को रिलीज होने वाली थी उसके प्रदर्शन पर रोक लगा दी है। आरको ने बताया की खबर आ रही है की फिल्म डायरेक्टर ने अपत्तिजनक संवाद तथा दृश्य हटाने की बात कही है।कर्नाटक सरकार ने भी अपने राज्य में फिल्म को पूर्णतया पाबंदी लगा दी है। ज्ञात रहे की अब्दुल लतीफ आरको ने राज्य की भजन लाल सरकार से फिल्म को प्रतिबंध लगाने की बात कही है। राज्य में की गई प्रेस कांफ्रेंस से फिल्म पर रोक लगी है, यदि फिल्म को संशोधित नही किया गया तो इसका प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।

### सेवरपाली में रात्रि चौपाल आयोजित, जिला कलक्टर ने सुदूर गांव में सुनी आमजन की बात

चमकता राजस्थान



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला कलक्टर निधि बी टी ने शुक्रवार को बाड़ी उपखंड के डांग क्षेत्र में स्थित सुदूर गांव सेवरपाली में रात्रि चौपाल आयोजित कर आम ग्रामीणों के परिवाद सुने और अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के लिए मौके पर ही निर्देश दिए। जनसुनवाई में पानी, बिजली आपूर्ति, सड़कों के मरम्मत कार्य, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कृषि बिजली कनेक्शन, खाद्य सुरक्षा, रास्ता खुलवाने सहित विभिन्न विभागों से जुडे प्रकरण प्राप्त किए गए। जिला कलक्टर ने प्राप्त परिवेदनों के निस्तारण के लिए परिवादी से सीधा संवाद कर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। शेष प्रकरणों की सुनवाई कर अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण होने की समयबद्ध सूचना परिवादी को देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्रामीणों के खरहरपुरा में सड़क निर्माण के प्रार्थना पत्र पर प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिये, जिला कलक्टर ने सेवरपाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को प्रत्येक समय उपलब्ध रहने हेतु पाबंद करने के निर्देश दिये। उन्होंने गांव के राजकीय विद्यालय में शिक्षकों के कुछ पद रिक्त रहने की फरियाद पर मुख्य शिक्षा अधिकारी महेश मंगल को उच्च स्तर पर मांग पत्र भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति और बिजली से जुड़ी समस्याओं को हर संभव समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करवाया जाए। जिला कलेक्टर ने सोलर पनघट योजना के कार्यों को सम्पूर्ण क्रियाशील किये जाकर आमजन को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिला कलक्टर ने आमजन से पेयजल का मितव्ययी ढंग से उपयोग करने की बात की। इस दौरान उपखंडाधिकारी राधेश्याम मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत गरम मसाले के 240 पैकेट सीज

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर प्रथम ' शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के क्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान शुभ्रा सिंह एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान इकबाल खान के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दिनांक 23 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक मसाले के विभिन्न ब्रांडों के नमूने जांच में लिए थे उनकी जांच रिपोर्ट अनसेफ पाए जाने पर ब्रांड एमडीएच एवरेस्ट और श्याम धनी इंडस्ट्रीज जयपुर के यहां से गरम मसाले जीरा पाउडर चना मसाले सब्जी मसाले धनिया आदि के पुनः नमूने लिए और श्याम धनी इंडस्ट्रीज पर गरम मसाले का नमूना लिया जाने के बाद शेष 240 पैकेट गरम मसाले को सीज किया गया इसी क्रम में रस्तोगी सेल्स सिविल लाइंस और थे फोनिक्स ट्रेड विजन प्राइवेट लिमिटेड वीकेआई जयपुर के यहां से क्रमशः है एमडीएच और एवरेस्ट के नमूने लेने के बाद एवरेस्ट और एमडीएच के उन अनसेफ पाए गए नमूनो के लॉट नंबर की सूचना इन फर्मों को देते हुए उनसे अनसेफ पाए गए लोट को रिकॉल करवाने के लिए पाबंद किया । खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम ने बताया कि मसाले में निर्धारित मात्र से ज्यादा पेस्टिसाइड पाए जाने के कारण उच्च अधिकारियों के आदेशों की पालना में मसाले के सभी ब्रांडों के नमूनीकरण की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी।

### झालावाड़ में साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी की पूरी रकम कराई रिफंड

चमकता राजस्थान

**जयपुर/झालावाड़ (खलील कुरैशी)।** झालावाड़ जिले से क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करवाने का लिंक भेज कर एक शिक्षक से 59 हजार 368 रुपए की साइबर ठगी के मामले में जिले की साइबर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित के खाते से स्कैमर द्वारा निकाली गई संपूर्ण राशि रिकवर कर पुनः उनके क्रेडिट कार्ड अकाउंट में रिफंड करवा दी हैएसपी ऋचा तोमर ने बताया कि 4 जून को रामपुरिया निवासी पीड़ित शिक्षक ने थाना साइबर पर रिपोर्ट दी कि 2 वर्ष पहले उसने एसबीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड इश्यू करवाया था, जिसकी लिमिट 60 हजार है। 3 जून को उसके मोबाइल नम्बर पर दो अलग-अलग अज्ञात नंबरों से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आप को क्रेडिट कार्ड के कस्टमर केयर टीम का सपोर्ट मेंबर बताया। जिसने उपयोग नहीं किए जाने पर कार्ड ब्लॉक करवाने की प्रक्रिया फॉलो किए जाने के लिए एक लिंक भेजा।कार्ड ब्लॉक करवाने की जरूरत होने पर उसने विश्वास में आकर लिंक को क्लिक कर सारी डिटेल भर दी। इसके बाद उसके मोबाइल पर 59368.80 रुपए डेबिट होने का मैसेज मिला। रिपोर्ट पर एडिशनल एसपी चिरंजी लाल मीणा के निर्देशन एवं साइबर थाना में डीएसपी ओमप्रकाश चांदोलिया ने पीड़ित शिक्षक से कार्ड संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर तकनीकी विश्लेषण किया।साइबर ठगों ने इस राशि को आगे ट्रांसफर कर दिया था। इस पर टीम ने निरंतर मॉनिटरिंग व फॉलोअप किया। संबंधित फाइनेंशियल एजेंसी द्वारा संपूर्ण राशि रिकवर कर पीड़ित शिक्षक के क्रेडिट कार्ड अकाउंट में गुरुवार को रिफंड कर दिया। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल कैलाश चंद की विशेष भूमिका रही।

### विकसित राजस्थान 2047 जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

चमकता राजस्थान



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** विकसित राजस्थान 2047 के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सुझाव कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र धौलपुर के सभागार में किया गया। कार्यशाला में विकसित राजस्थान 2047 के संदर्भ में कृषि एवं सम्बद्ध विषयों पर विस्तृत चर्चा कर सुझाव मांगे गए। कार्यशाला में मुख्य रूप से बाजरा एवं सरसों फसल बीजों पर मूल नीति बनाने, कृषकों की बिखरी जोतों की चकबन्दी करने, सहकारिता समितियों की आधारभूत संरचना विकास एवं बी-2 कम्पोनेन्ट को पुनः चालू करने, जीरो वेस्ट एप्रोच, पशुओं में नस्ल सुधार अभियान चलाने, तारबन्दी में कृषक पात्रता को 1.5 हैक्टेयर से 1 एकड़ करने, पॉम तेल की कीमत अधिक टैक्स लगाकर सरसों तेल से अधिक रखा जाये जिससे सरसों तेल उद्योग बंद ना हो, रेन वाटर हारवेस्टिंग, गांवों में दुग्ध संकलन केन्द्र खोलने, विभिन्न फसलों के बीजों में अधिकतम उपज का उत्पादन हेतु अनुसंधान करने के सुझाव प्राप्त हुये। सुझाव प्राप्त करने के बाद कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला में ईश्वर लाल यादव, निदेशक, राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, देशराज सिंह, अतिरिक्त निदेषक कृषि (तिलहन) भरतपुर खण्ड, योगेश कुमार शर्मा, संयुक्त निदेषक उद्यान, भरतपुर खण्ड, डॉ. नबाव सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक के.वी.के. धौलपुर, डॉ. संतसिंह मीना, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग सत्येन्द्र मीना, उपनिदेषक सहकारिता विभाग के.सी. मीना, सचिव कृषि उपज मण्डी, समिति, डॉ. हब्बल सिंह, संयुक्त निदेषक कृषि (विस्तार) सहित कृषक उत्पादक संगठन सदस्य, जनप्रतिनिधि, जिले के प्रगतिशील किसान एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अटरू थाना का हैड कानिस्टेबल एवं दलाल 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई द्वारा आज बारां में कार्यवाही करते हुये जितेन्द्र सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना अटरू, जिला बारां एवं उसके दलाल सुनील शर्मा उर्फ बिट्टू निवासी अटरू (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके भाई के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में पुलिस रिमांड नहीं लेने और न्यायालय में जल्दी चालान पेश करने की एवज में आरोपी जितेन्द्र सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना अटरू, जिला बारां द्वारा उसके दलाल सुनील



शर्मा उर्फ बिट्टू निवासी अटरू (प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से 10 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस कल्याणमल मीणा के सुपरवीजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मय टीम के बारां में कार्यवाही करते हुए आरोपी जितेन्द्र सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना अटरू, जिला बारां एवं उसके दलाल सुनील शर्मा उर्फ बिट्टू निवासी अटरू (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३२ंस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24x7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

### नीट परीक्षा में गुलशन के चयनित होने पर ग्रामीणों ने किया अभिनंदन



**चमकता राजस्थान, शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शाहपुरा उपखंड के ग्राम बिदारा में शनिवार को प्रतिभावान प्रतिभा अभिनंदन समारोह के तहत नीट परीक्षा परिणाम में चयन होने पर जोरदार अभिनंदन कर हौसला अफजाई की गयी गौरतलब है कि बिदारा निवासी गुलशन वर्मा पुत्र रोहिताश कुमार रैगर का मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) में 720 अंकों में से 660 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर एससी वर्ग में 449 वीं रैंक प्राप्त करने पर साफ़ा, माल्यार्पण, मिठाई खिलाकर, डॉ.अम्बेडकर का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर ने कहा कि मेधावी विद्यार्थी गुलशन वर्मा ने कठिन परिस्थितियों में नियमित अध्ययन व कड़ी मेहनत कर नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, गुलशन जैसे प्रतिभाशाली व्यक्ति ही देश की असली अनमोल धरोहर है, इनको संरक्षण व संवर्धन करना हम सब का प्रथम कर्तव्य है। विधार्थी गुलशन वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय दादा गोवर्धन लाल दादी रामेश्वरी देवी, पिता रोहिताश रैगर, माता विमला देवी सहित शिक्षकों व परिवारजनों को दिया। इस अवसर पर कमल किशोर, मुकेश कुमार रैगर, विक्रम, दीपकवर्मा, रामकिशन, प्रवीणकुमार, रामजीलाल, दर्शनराज, जयराम रैगर, रामस्वरूप वर्मा, दिनेश कुमार, विजय कुमार, सुनील कुमार तंवर, अनिल कुमार तंवर, यादराम तंवर, रामवतार तंवर, राजेश बेनीवाल, रमेश खोरवाल, मुकेश खोरवाल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## मोदी 3.0

# शाह-राजनाथ की वापसी तय, नड्डा को भी मौका

# मंत्रिमंडल में जदयू को कितनी जगह?

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

नई सरकार के शपथ ग्रहण में बीजेपी की ओर से अमित शाह और राजनाथ सिंह जैसे नेताओं का नए मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जैसे शिवराज सिंह चौहान, बसवराज बोम्मई, मनोहर लाल खट्टर और सर्बानंद सोनोवाल सरकार में शामिल होने के प्रबल दावेदार हैं। पार्टी में किसी अनुभवी व्यक्ति को भेजे जाने और जे. पी. नड्डा को सरकार में जगह दिए जाने की संभावना भी बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि तेलुगूदेशम पार्टी के राम मोहन नायडू, जदयू के ललन सिंह, संजय झा और रामनाथ ठाकुर, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान उन सहयोगियों में शामिल हैं जो नई सरकार का हिस्सा हो सकते हैं। महाराष्ट्र जहां बीजेपी -शिवसेना गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा है और बिहार जहां विपक्ष ने वापसी के संकेत दिए हैं, सरकार गठन की कवायद के दौरान फोकस में हो सकते हैं। महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि बिहार में अगले साल चुनाव होंगे। बीजेपी के संगठन में होने वाले बदलाव भी पार्टी के मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देते समय चयनकर्ताओं के मन में होंगे। आम चुनाव में बीजेपी को 240 सीटें मिली हैं जो बहुमत के आंकड़े से 32 कम हैं। पार्टी को 2019 के चुनावों में 303 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इस बीच कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण इंडिया के नेताओं को नहीं मिला है। न्योता मिलने के बाद इस पर विचार किया जाएगा।



# पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में ममता बनर्जी  नहीं होंगी शामिल

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में तृणमूल कांग्रेस की मुखिया व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शामिल नहीं होंगी। यह जानकारी उन्होंने शनिवार को दी। जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि क्या वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगी, तो उन्होंने कहा, 'मुझे न्योता नहीं मिला है और न ही मैं जाऊंगी।' राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी रविवार शाम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। मुर्मु ने मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर ममता ने कहा कि वे राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में जाने का इरादा भी नहीं रखतीं। ममता बनर्जी ने कहा, मुझे खेद है, लेकिन मैं एक असंवैधानिक, अवैध पार्टी को सरकार बनाने के लिए शुभकामनाएं नहीं दे सकती। मेरी शुभकामनाएं देश के लिए होंगी। मैं सभी सांसदों से कहूंगी कि वे अपनी पार्टी को मजबूत करें। हम आपकी पार्टी को नहीं तोड़ेंगे, लेकिन आपकी पार्टी में अंदर से विभाजन होगा, आपकी पार्टी के लोग खुश नहीं हैं।

## डाक-बंगले में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ का किया गया शानदार सम्मान

- जनता से जुड़े हर मुद्दे पर कार्य किया जाएगा-- विधायक कुलदीप



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शाहपुरा शहर के डाक बंगला में शनिवार को विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ का एससी -एसटी महा संगठन व सामाजिक संस्था शाहपुरा युवा विकास मंच के तत्वाधान में साफा, माला व रामलाल का चित्र देकर भव्य स्वागत किया गया नगर पालिका के पार्षद पुनीत कुमार भगेरिया व अध्यक्ष राजेश मंडोवरा के नेतृत्व में विधायक कुलदीप धनकड़ का मान सम्मान किया गया इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड़ ने  कहा कि जनता से जुड़े हर मुद्दे पर सफल कार्य किया जाएगा और हर समस्या का समाधान किया जाए इस दौरान वार्ड अध्यक्ष सीताराम मेहरा, पार्षद पुनित भदोरिया, पार्षद लालचंद जाट, दिगेंद्र सिंह ताखर रामकरण गुर्जर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शाहपुरा पुलिस ने लक्की होटल में रेड मा-रकर 5 युवक को किया गिरफ्तार

- सभी पर शांतिभंग का केस दर्ज; होटल में अनैतिक गतिविधियों की शिकायत पर मारा था छापा



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)**शाहपुरा पुलिस ने होटल की आड़ में चल रही अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अभियान शुरू किया है। पुलिस ने हाईवे स्थित लक्की होटल में दबिश दी। पुलिस ने मौके से 5 जनों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रामलाल मीणा ने बताया कि, फोन पर सूचना मिली कि हाईवे स्थित लक्की होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही है, इससे आस-पास के परिवारों और समाज में गलत प्रभाव पड़ रहा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और होटल में छापा मारा। इस दौरान होटल में 10-12 कपल मिले। पुलिस को देखकर युवतियां होटल के पीछे के हिस्से से भाग गई। पुलिस टीम ने पकड़े गए युवकों से होटल में आने का कारण पूछा तो उन्होंने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। मौके पर मौजूद युवक होटल संचालक से उलझ गए और एक-दूसरे पर अपनी प्रेमिकाओं को भगाने का आरोप लगाकर उत्पात मचाने लगे। इस पर पुलिस ने 5 युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

## पालतू कुत्ते को मां ने मारा तो 14 साल के बेटे ने उठाया खौफनाक कदम! गुस्से में आकर बेडरूम में लगाई फांसी

**औरंगाबाद/एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से एक बेहद ही दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है. जहां अपने प्यारे कुत्ते के शव को देख एक 14 साल के युवक ने सुसाइड कर लिया. नाबालिग के इस कदम से परिवार के लोग सदमे में है. इकलौती संतान द्वारा उठाए गए इस कदम से नाबालिग कि मां की स्थिति बेहद खराब हो गई है. यह मामला मिलकॉर्नर इलाके का है. घटना शुक्रवार की है. जानकारी के मुताबिक, आत्महत्या करने वाले नाबालिग का नाम राजवीर राहुल गडकर है. उसकी उम्र महज 14 साल बताई जा रही है. राहुल अपने माता पिता के साथ मिलकॉर्नर इलाके में रहता था. उसने अपने घर पर एक कुत्ता पाल रखा था, जिससे राजवीर राहुल को बेहद लगाव था. परिवार के लोग भी कुत्ते से काफी प्यार करते थे. हालांकि 7 जून शुक्रवार को कुत्ते ने घर में गंदगी कर दी, जिसे मां ने देख लिया और फिर गुस्से में आकर उसने कुत्ते को मार डाला.



# सीपीपी चीफ बनीं सोनिया

## कहा- अपने नाम पर जनादेश मांगने वाले पीएम मोदी नेतृत्व का अधिकार खो चुके हैं

**रांची/एजेंसी**

कांग्रेस संसदीय दल की आज संसद के सेंट्रल हॉल में बैठक हुई। इस बैठक में सोनिया गांधी को पार्टी के संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव पेश किया, जिसे पार्टी के नेताओं ने एकमत से स्वीकार कर लिया। सोनिया गांधी (77 वर्षीय) इस साल फरवरी में राज्यसभा के लिए चुनी गईं थी।

कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा, 'कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। यह एक शक्तिशाली और दुर्भावनापूर्ण मशीनरी के खिलाफ थी। कई लोगों ने हमें खारिज कर दिया, लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे के दृढ़ नेतृत्व में हम डटे रहे।' उन्होंने कहा, 'भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा वास्तव में ऐतिहासिक आंदोलन रहा। इसमें सभी स्तरों पर हमारी पार्टी को पुनर्जीवित किया।' सोनिया गांधी ने बैठक के दौरान राहुल गांधी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, अभूतपूर्व व्यक्तिगत, राजनीतिक हमलों से लड़ने के लिए राहुल, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के लिए विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।' उन्होंने कहा, 'संसद में कांग्रेस की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के सहयोगियों की ताकत से भी हमें बल मिला है।' लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के संबंध में सोनिया ने कहा, 'हमें उन राज्यों में अपनी स्थिति सुधारने पर भी विचार करना चाहिए, जहां हमारा प्रदर्शन हमारी अपेक्षाओं से काफी कम रहा है।'

### जनादेश खो चुके हैं नरेंद्र मोदी'

» सोनिया गांधी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह जनादेश खो दिया है, जिसकी उन्हें तलाश थी। इसलिए उन्होंने नेतृत्व का अधिकार भी खो दिया है। केवल अपने नाम पर जनादेश मांगने वाले पीएम मोदी को राजनीतिक और नैतिक हार का सामना करना पड़ा। विफलता की जिम्मेदारी लेने के बजाय, वह कल फिर से शपथ लेने का इरादा रखते हैं।' कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुने जाने पर सोनिया गांधी ने चुनावी नतीजों पर कहा, 'हमारे लिए अपने देश में संसदीय लोकतंत्र स्थापित करने और संसदीय राजनीति को पटरी पर लाने का नया अवसर है।'

## सूअर की किडनी में आई दिक्कत....महिला के शरीर से निकाली गई



न्यूयॉर्क । अमेरिका में एक महिला की किडनी फेल होने के बाद सूअर की किडनी लगाई थी, जिसकी दुनियाभर में खूब चर्चा हुई थी। अब करीब 47 दिनों बाद डॉक्टर्स ने ट्रांसप्लांट की गई किडनी को निकाल कर महिला को किडनी डायलिसिस पर रखा है। डॉक्टर्स का कहना है कि ट्रांसप्लांट की गई सूअर की किडनी ब्लड फ्लो प्रॉपर न होने की वजह से डैमेज हो गई, इसकारण निकालने का फैसला किया गया। सूअर की किडनी ट्रांसप्लांट करने का यह दूसरा मामला था। इसके पहले एक शख्स में सूअर की किडनी लगाई गई थी, जिसकी महज 2 महीने बाद मौत हो गई थी। 54 वर्षीय लिसा पिसानो के शरीर में सुअर की किडनी ट्रांसप्लांट करने का कारनामा किया था। महिला ट्रांस्प्लांटेड किडनी के साथ 47 दिनों तक जिंदा रही, लेकिन इसके बाद किडनी डैमेज होने लगी और किडनी को निकालना पड़ा। महिला के शरीर ने किडनी को रिजेक्ट नहीं किया, लेकिन हार्ट पंप से ब्लड फ्लो सही नहीं मिला, जिसकी वजह से ऐसा करना पड़ा। फिलहाल महिला की स्थिति स्थिर है और उसका लेफ्ट वेंट्रिक्यूलर असिस्ट डिवाइस काम कर रहा है। महिला को यह किडनी जेनेटिकली मोडिफाई किए गए सुअर से मिली थी। लिसा पिसानो दुनिया की पहली ऐसी मरीज हैं, जिनके मामले में हार्ट पंप देने के बाद किडनी ट्रांसप्लांट की गई थी। आनुवंशिक रूप से मोडिफाइड सूअर से किडनी प्राप्त करने वाले पहले मरीज 62 वर्षीय रिचर्ड स्लेमैन थे, जिन्होंने मार्च 2024 में अमेरिकी राज्य बोस्टन में ट्रांसप्लांट कराया था। वे गंभीर बीमारी का सामना कर रहे थे और किडनी ट्रांसप्लांट के 2 महीने के बाद उनकी मौत हो गई।

## दुनिया के दो करोड़ लोगों के पास है अकूत संपत्ति, कई देशों की जीडीपी से ज्यादा है इनके पास दौलत

नई दिल्ली। दुनिया में कई देश ऐसे हैं जहां खाने तक के लाले हैं लोग भुखमरी की कगार पर हैं। दुनिया में गरीबों की तादाद अरबों में है तो वहीं अरबों-खरबों रुपए चंद करोड़पतियों के पास है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया में ऐसे अमीर लोग है जिनकी संपत्ति एक मिलियन अमेरिकी डॉलर है उनकी संख्या पिछले साल पांच फीसदी बढ़कर 22.8 मिलियन हो गई है। इसका मतलब है कि दुनिया में अमीरों की संख्या 2 करोड़ 20 लाख है। ये आंकड़े एक कंसल्टिंग फर्म ने जारी किए। रिपोर्ट के मुताबिक इन अमीर लोगों के पास मौजूद संपत्ति है, जो कि 86.8 खरब अमेरिकी डॉलर है। 2023 में इन 2 करोड़ 20 लाख अमीर लोगों की कुल संपत्ति 86.8 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई, जो पिछले साल से 4.7 फीसदी ज्यादा है। भारतीय रुपयों में यह रकम 724.43 लाख करोड़ है। यह रकम कई छोटे देशों की जीडीपी से ज्यादा है तो कई बड़े मुल्कों की जीडीपी से दोगुना है। अब सवाल यह उठता है कि इन लोगों की दौलत इतनी क्यों बढ़ गई? इसका जवाब है शेयर मार्केट। शेयर मार्केट में उछाल के कारण उनकी किस्मत में भी उछाल आ गया है। दुनिया में पहले कभी इतने अमीर लोग नहीं थे और बढ़ते शेयर मार्केट में उनके निवेश ने उन्हें पहले से कहीं ज्यादा अमीर बना दिया है। न्यूयॉर्क के शेयर सूचकांक नैस्डैक 2023 में 43फीसदी बढ़ गया, जबकि एसएंडपी 500 में 24 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। पेरिस के शेयर मार्केट में 16फीसदी की बढ़ोतरी हुई जबकि फ्रैंकफर्ट डीएएक्स में 20 फीसदी देखने को मिली। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि व्यापक आर्थिक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के कारण 2022 में इन अमीर लोगों की संख्या और उनकी संपत्ति में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद दुनिया में बढ़ती संपत्ति और असमानता ने अमीरों को कर चुकाने के मुद्दे पर बहस को हवा दी है। इस मामले में ब्राज़ील और फ्रांस ने साथी जी20 देशों पर दुनिया के सबसे धनी लोगों पर ग्लोबल मिनिमम टैक्स निर्धारित करने के लिए दबाव डाला है।

## नेपाल ने 11 देशों से अपने राजदूत वापस बुलाए

काठमांडू। नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं। इनमें भारत और अमेरिका में नेपाली कांग्रेस कोटे के तहत तैनात राजदूत भी शामिल हैं। ये फैसला नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने पार्टी से गठबंधन तोडने और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाने के तीन महीने बाद लिया है। उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की आपत्तियों के बावजूद, नेपाल सरकार ने गुरुवार को राजदूतों को वापस बुला लिया। इनमें भारत में तैनात नेपाल के राजदूत शंकर शर्मा भी शामिल हैं। नेपाल सरकार ने यह कदम नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की रविवार को भारत की संभावित यात्रा से पहले उठाया है। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने भारत आ सकते हैं।

## एवरेस्ट में मिले पांच कंकाल और 11 टन कचरा किया साफ , नेपाली सेना का पर्वत सफाई अभियान

काठमांडू । नेपाली सेना ने अपने लगभग दो माह लंबे पर्वत सफाई अभियान 2024 के तहत एवरेस्ट क्षेत्र से पांच पर्वतारोहियों के अवशेष और 11 टन कचरे को साफ किया है। नेपाली सेना ने माउंट एवरेस्ट 8848.86 मीटर की सबसे ऊंची चोटी, माउंट ल्होत्से और एवरेस्ट बेस कैंप के पास माउंट नुप्त्से क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। नेपाली सेना ने 7 अप्रैल को अपने अभियान के घोषणा कर कहा कि इस पर्वत सफाई अभियान का उद्देश्य हिमालय में मानव निर्मित प्रदूषण पर नियंत्रण रखना है और पूरे इलाकों को गंदगी से बचाने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पहाड़ों पर प्रदूषण बड़ी समस्या बन गया है। नेपाली सेना ने 11 अप्रैल से शुरू किए अपने सफाई अभियान शुरुआत में 10 टन कचरा साफ करने का लक्ष्य रखा था। सेना के मेजर आदित्य कार्की के नेतृत्व में अपनी 12 सदस्यीय टीम द्वारा माउंट पर भेजा था। टीम के साथ 18 सदस्यीय शेरपा टीम द्वारा मदद की गई थी। वहीं, विश्व पर्यावरण दिवस पर अभियान के सफल समापन का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान थल सेनाध्यक्ष प्रभु राम शर्मा ने कहा, प्रतिकूल मौसम और परिस्थितियों के बावजूद, लगभग 11,000 किलोग्राम कचरा, चार लाशें और एक कंकाल मिला। इस मौके पर सेना प्रमुख ने कचरा और मानव अवशेषों को इकट्ठा करने में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए शेरपा गाइडों सहित पर्वत सफाई अभियान के सदस्यों को भी सम्मानित किया।

## अमेरिका में भारतीय धोखाधड़ी मामले में दोषी करार

वाशिंगटन । अमेरिका में एक भारतीय को टेलीफोन प्रोवाइडर और इंश्योरेंस कंपनी से ठगी के मामले में दोषी ठहराया गया है। शख्स ने लाखों डॉलर की धोखाधड़ी की थी। संदीप बेंगारा ने फर्जी पहचान के जरिए इस पूरे स्कैम को किया है। दरअसल, संदीप फर्जी दस्तावेज दाखिल कर सेल्युलर डिवाइसेस का रिप्लेसमेंट क्लेम करता था। बाद में इन डिवाइसेस को अमेरिका के बाहर बेच दिया करता था। रिपोर्ट में बताया गया कि संदीप को फेडरल कोर्ट ने मामले में दोषी पाया है। कोर्ट डॉक्यूमेंट्स में संदीप बेंगारा के कई नाम बताए गए हैं। जून 2013 से जून 2019 के बीच बेंगारा ने इस पूरे स्कैम को अंजाम दिया है। कोर्ट डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, संदीप ने यूएस मेल सिस्टम और थर्ड पार्टी कैरियर का इस्तेमाल करके सेल्युलर फोन प्रोवाइडर और इंश्योरेंस कंपनियों के साथ फ्रॉड किया है।



स्पेस एक्स स्टारशिप बोका चिका लांच पैड से अपनी चौथी उड़ान पर रवाना हुआ। यहां से अंतरिक्ष यात्रियों का चंद्रमा पर भेजा जाता है।

# तीसरी बार अंतरिक्ष पहुंची सुनीता विलियम्स ने डांस कर मनाया जश्न

**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचते हुए एक वायरल क्लिप में जोरदार डांस करते देखा गया। विलियम्स ने एक संक्षिप्त स्वागत समारोह के दौरान कहा, हम अंतरिक्ष में जाकर उतने ही खुश हैं जितना हो सकता है। दोनों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और चौकी के वर्तमान सात निवासी चालक दल के सदस्यों- चार साथी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और तीन रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने गले लगाकर और हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। विलियम्स और विल्मोर लगभग आठ दिनों तक स्टेशन पर रहेंगे, फिर वापसी की उड़ान पर प्रस्थान करेंगे जो स्टारलाइनर को पृथ्वी के वायुमंडल के माध्यम से एक उग्र पुनः प्रवेश पर ले जाएगा और यूएस डेजर्ट साउथवेस्ट में पैराशूट और एयरबैग-सहायता लैंडिंग के साथ समाप्त होगा, जो कि पहली बार होगा। एक चालक दल वाला नासा मिशन।

58 वर्षीय विलियम्स ने बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी और अपनी पहली उड़ान में चालक दल वाले अंतरिक्ष यान का परीक्षण करने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने साथी बुच विल्मोर के साथ अंतरिक्ष यान में उड़ान भरी।



जबकि विलियम्स उड़ान परीक्षण के लिए पायलट हैं, 61 वर्षीय विल्मोर मिशन के कमांडर हैं। सीएसटी-100 स्टारलाइनर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च होने के बाद लगभग 27 घंटे की उड़ान के बाद गुरुवार को परिक्रमा मंच पर पहुंचा। जैसे ही नया स्टारलाइनर कैप्सूल और नासा का उद्घाटन दो सदस्यीय दल आईएसएस के साथ सुरक्षित रूप से पहुंचा, विलियम्स ने थोड़ा नृत्य करके और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाकर अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने आगमन का जश्न मनाया। नासा के एक लाइव वीडियो फ़ीड में मुस्कुराते हुए नए आगमन को दिखाया गया, जो अपने नीले फ्लाइट सूट पहने हुए थे, एक के बाद एक, गद्देदार मार्ग से वजन रहित होकर स्टेशन में तैर रहे थे।

## तीसरी बार शपथ ले, विदेश यात्रा पर इटली जाएंगे पीएम मोदी

रोम । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जून को तीसरी बार शपथ लेने के तुरंत बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर इटली जाने के लिए तैयार हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए निमंत्रण भेजा था, इस निमत्रंण को पीएम मोदी ने स्वीकार कर लिया है। जी7 देशों का शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक पुगलिया में आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने गुरुवार को इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी से बात कर जी7 शिखर सम्मेलन में निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान पीएम मोदी और जॉर्जिया मेलोनी के बीच मुलाकात होगी।

इस साल जी7 की अध्यक्षता इटली कर रहा है। जी7 देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान शामिल हैं। यूरोपीय संघ इसमें अतिथि के रूप में चर्चा ले रहा है। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और दूसरे जी7 नेताओं से मिलने वाले है।

जी7 शिखर सम्मेलन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी को 15 से 16 जून तक स्विटजरलैंड में होने वाले यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में भी औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया है। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि पीएम मोदी इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं, या नहीं। रूस को इस सम्मेलन में आयोजित नहीं किया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिरि जेलेंस्की ने पीएम मोदी को चुनाव में जीत के बाद भेजे अपने बधाई संदेश में शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया था।

## कनाडा में खालिस्तानियों का प्रदर्शन



**टोरंटो ।** ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर गुरुवार को खालिस्तानी तत्वों ने वैंकुवर में स्थित भारतीय कौंसुलेट के बाहर प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर कनाडा में खालिस्तानियों की हरकत लगातार भारत की चिंताएं बढ़ा रही है। अलगाववादियों की हिम्मत और कनाडा में उन्हें मिल रहे बढ़ावे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वे भारतीय कौंसुलेट के बाहर जमा हुए। भारत विरोधी नारे लगाए।

वैंकुवर के अलावा टोरंटो में भी ऐसा ही प्रदर्शन हुआ। इसमें वहां जुटे लोगों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे और नारेबाजी कर रहे थे। भारत के एक वरिष्ठ राजनयिक ने कहा कि हम इस मामले में शिकायत करेंगे। बता दें कि 40 साल पहले भारतीय सेना ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में छिपे खालिस्तानियों के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकियों में जरनैल सिंह भिंडरावाले भी था।

खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के आह्वान पर ये प्रदर्शन हुए। इसका मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू तो भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमले की धमकी दे चुका है। बीते साल खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या हो गई थी। इसके बाद से कनाडा और भारत के रिश्ते बिगड़े हुए हैं। इस हत्या में कनाडा ने भारतीय एजेंट्स का हाथ बताया था। इस पर भारत ने ऐतराज जताया था और कहा था कि यदि आपके पास सबूत हैं तो दें। अब तक कनाडा इस मामले में कोई सबूत नहीं पेश कर सका है, लेकिन उसने 4 लोगों को गिरफ्तार जरूर किया है।

## सूडान में हुए हमले में 50 से अधिक लोगों की मौत

सूडान । सूडान के वद अल-नूरा गांव में रैपिड सपोर्ट फोर्स (आर.एस.एफ.) द्वारा किए गए हमले में दर्जनों लोगों की मौत हो गई है। यह हमला सूडान के अन्न भंडार क्षेत्र में स्थित गांव पर किया गया, जिससे एक साल से चल रहे क्रूर युद्ध में बड़ी संख्या में नागरिक हताहत हुए हैं। हमला किए जाने के बाद लगभग 50 लोगों के शवों को सामूहिक अंतिम संस्कार के लिए रखा गया, जबकि सैकड़ों ग्रामीण उन्हें देख रहे थे। इस हमले में दर्जनों बच्चों सहित कम से कम 104 लोग मारे गए। इस हमले की सटीक परिस्थितियों पर विवाद है, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों की मौत और सामूहिक दफन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित हुईं और न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा सत्यापित की गईं। इस हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई। सूडान में संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अधिकारी क्लेमेंटाइन एनक्वेटा-सलामी ने एक बयान में कहा, सूडान के संघर्ष के दुखद मानकों के अनुसार भी, वद अल-नूरा से उभरने वाली तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। यूनिसेफ की प्रमुख कैथरीन रसेल ने कहा कि वह हिंसा में कम से कम 35 बच्चों के मारे जाने और 20 के घायल होने की रिपोर्ट से भयभीत हैं। उन्होंने युद्धरत पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने का आह्वान किया। सूडान के सेना प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह अल-बुरहान ने गुरुवार को हमले में घायल ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सेना हत्याओं के लिए आर.एस.एफ. को कठोर जवाब देगी। यह गांव एक कृषि क्षेत्र में है जो कभी सूडान का अन्न भंडार था, लेकिन अब एक विशाल युद्ध का मैदान बन गया है।

## रूस में 4 भारतीय मेडिकल छात्र डूबे, दो लड़के और दो लड़कियों की मौत

मॉस्को । रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में चार भारतीय मेडिकल छात्र डूब गए और भारतीय मिशन उनके शवों को जल्द से जल्द उनके रिश्तेदारों के पास भेजने के लिए रूसी अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। चारों छात्र में दो लड़के और दो लड़कियाँ, वेलिकि नोवगोरोड शहर में पास के नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे।

# ब्रिटेन में विपक्षी लेबर पार्टी ने लगाया आरोप

**-ऑपरेशन ब्लूस्टार की साजिश में शामिल थीं थैचर**

**- सत्ता में आए तो थैचर सरकार की भूमिका की जांच कराएंगे**

**मॉस्को (एजेंसी)।** लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होंगे। कई सर्वे में ये अनुमान लगाया गया है कि इस बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी सरकार बना सकती है। इस बीच लेबर पार्टी ने घोषणा की है कि अगर इस चुनाव में उनकी जीत होती है तो सरकार बनाने के बाद वे 1984 में भारत में हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार में ब्रिटिश सरकार की भूमिका की जांच कराएंगे। लेबर पार्टी की नेता एंजेला रेनॉर ने ब्रिटिश मीडिया से कहा कि ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40 साल पूरे हो चुके हैं। हमारी पार्टी सिख समुदाय के साथ खड़ी है। हम उनकी मांग के मुताबिक लेबर पार्टी की सरकार बनने पर सच का पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे।

कोवेंट्री साउथ से लेबर उम्मीदवार जारा सुल्ताना ने दावा किया कि ऑपरेशन ब्लू स्टार घटना में ब्रिटेन की तत्कालीन पीएम रहीं मार्गरेट थैचर की भूमिका को हम सबसे छुपाया गया है। स्लाव से लेबर उम्मीदवार तनमनजीत सिंह धेसी ने पोस्ट कर लिखा कि इंदिरा गांधी ने स्वर्ण मंदिर परिसर पर हमला करने की अनुमति दी थी। अब तक इस घटना के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है। न ही ब्रिटिश सरकार ने इस घटना में तत्कालीन पीएम रहीं मार्गरेट थैचर की भूमिका की कोई जांच की है। धतनमनजीत सिंह ब्रिटिश संसद में पगड़ी पहनने वाले पहले सांसद थे।

### ब्रिटिश एयर सर्विस ने मदद की थी

ये पहली बार नहीं है जब लेबर पार्टी के नेताओं ने ऑपरेशन ब्लू स्टार में थैचर सरकार की भूमिका की जांच की मांग की है। वे पिछले 10 सालों से ये मांग कर रहे हैं। दरअसल, 2014 में ऑपरेशन ब्लूस्टार घटना के 30 साल पूरे होने पर एक रिपोर्ट आई थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पर हुई भारतीय सेना की कार्रवाई में ब्रिटिश स्पेशल एयर सर्विस ने मदद की थी। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि तब ब्रिटिश एयर स्पेशल सर्विस कमांडर ने इंदिरा गांधी सरकार को स्वर्ण मंदिर में छुपे खालिस्तानियों को मारने की सलाह दी थी। ये सलाह जून 1984 में ऑपरेशन ब्लूस्टार लॉन्च होने से 3 महीने पहले दी गई थी। इंग्लैंड की एक संस्था 'सिख फेडरेशन यूके' ने ये रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट्स में बताया गया था कि इससे जुड़ी जानकारियों को तब सीक्रेट रखा गया था। सारी फाइलें क्लासिफाइड लिस्ट में डाल दी गई थीं। हालांकि बाद में इसमें से कुछ फाइलें लीक हो गई थीं। इसके बाद 2014 में डेविड कैमरून की सरकार ने जांच का आदेश दिया था। साल 2014 में ब्रिटेन के विदेश सचिव विलियम हेग ने हाउस ऑफ कॉमन में बताया था कि ऑपरेशन ब्लू स्टार में ब्रिटिश सरकार की भूमिका बेहद 'लिमिटेड' थी। इसमें ब्रिटिश सरकार की भूमिका सिर्फ एक 'सलाह' देने तक थी।

## अब इजरायल के खिलाफ स्पेन, अदालत में लगाई अर्जी

गाजा। स्पेन ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजरायल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा। स्पेन के विदेश मंत्री ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजरायल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। अदालत ने इजरायल को दक्षिणी गाजा के शहर रफह में सैन्य कार्रवाई तत्काल रोकने का आदेश दिया है लेकिन इजरायल ने आदेश का अनुपालन नहीं किया है। विदेश मंत्री जोस मैनयुल अल्बारेस ने मैड्रिड में कहा, ''हमने गाजा में जारी सैन्य कार्रवाई की वजह से यह फैसला लिया है। हम चाहते हैं कि गाजा और पश्चिम एशिया में शांति स्थापित हो और इसके लिए हमें अदालत में हर तरह का समर्थन करना चाहिए। इजरायल ने अपनी सेना द्वारा जनसंहार किए जाने से इनकार किया है। इजराइल के मुताबिक, वह पिछले साल अक्टूबर में दक्षिणी इजरायल पर हुए हमले के बाद केवल हमास को कुचलने के लिए अभियान चला रहा है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि इजरायल ने गाजा पर सैन्य कारवाई के दौरान जनसंहार संधि का उल्लंघन किया है और बड़ी संख्या में आम लोगों की जान गई है। मैक्सिको, कोलंबिया, निकारागुआ, लीबिया और फिलिस्तीन पहले ही मुकदमे से जुड़ने की अर्जी दे चुके हैं।

# पाकिस्तान समेत चार देश यूएनएससी के अस्थाई सदस्य बने

**-पीएम शहबाज शरीफ बोले-यह पाकिस्तान के लिए खुशी के पल**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** गरीबी और महंगाई से परेशान पाकिस्तान को सालों बाद खुश होने का अवसर मिला है। पाकिस्तान को यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल का अस्थाई सदस्य चुना गया है। पाकिस्तान के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों के रूप में चुने गए चार देश और हैं- सोमालिया, डेनमार्क, ग्रीस और पनामा। इन देशों का कार्यकाल 2025 से शुरू होगा। पाकिस्तान को यूएनएससी में अस्थाई सदस्य चुने जाने से पीएम शहबाज शरीफ काफी खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसको पाकिस्तान के लिए गौरव का पल बताया है।

शहबाज शरीफ ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- 'यह खुश होने का समय है कि पाकिस्तान को 182 वोट मिले हैं और वह 2025-26 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए चुना गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक है। हम राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों के रूप में पांचों देशों को संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुप्त मतदान द्वारा 1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक दो साल के लिए चुना गया है। अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों के लिए दो सीटों में से सोमालिया को 179 और पाकिस्तान को 182 वोट मिले। लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में पनामा को 183 वोट मिले, जबकि पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों में डेनमार्क को 184 और ग्रीस को 182 वोट मिले।

बता दें कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में 8वीं बार चुना गया है। इस मौके पर पाकिस्तान ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर को बनाए रखने और युद्ध को रोकने और शांति को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। पाकिस्तान वैश्विक समृद्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और मानवाधिकारों के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने के लिए भी तत्पर है।



# आज की आवश्यकता
# सब्जी बगीचा



अच्छे स्वास्थ्य के लिए दैनिक आहार में संतुलित पोषण का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। फल एवं सब्जियाँ इसी संतुलन को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है क्योंकि ये विटामिन, खनिज लवण तथा कार्बोज के अच्छे स्रोत होते हैं। फिर भी ये जरुरी हैं कि इन फल एवं सब्जियों की नियमित उपलब्धता बनी रहे. इसके लिए घर के पिछवाडें मे पडी जमीन पर खेती करना बहुत ही लाभदायक उपाय हैं। पोषाहार विशेषज्ञों के अनुसार संतुलित भोजन के लिए एक वयस्क व्यक्ति को प्रतिदिन 85 ग्राम फल और 300 ग्राम साग–सब्जियों का सेवन करना चाहिए। परन्तु हमारे देश में साग–सब्जियों का वर्त्तमान उत्पादन स्तर प्रतिदिन, प्रतिव्यक्ति की खपत के हिसाब से मात्र 120 ग्राम है।

## सब्जी बगीचा

- उपलब्ध स्वच्छ जल के साथ रसोईघर एवं स्नानघर से निकले पानी का उपयोग कर घर के पिछ्वाड़े में उपयोगी साग-सब्जी उगाने की योजना बना सकते हैं।
- एकत्रित अनुपयोगी जल का निष्पादन हो सकेगा और उससे होने वाले प्रदूषण से भी मुक्ति मिल जाएगी।
- सीमित क्षेत्र में साग-सब्जी उगाने से घरेलू आवश्यकता की पूर्ति भी हो सकेगी।
- सब्जी उत्पादन में रासायनिक पदार्थों का उपयोग करने की जरूरत भी नहीं होगी।

अतः यह एक सुरक्षित पद्धति है तथा उत्पादित साग-सब्जी कीटनाशक दवाईयों से भी मुक्त होंगी।

## सब्जी बगीचा के लिए स्थल



सब्जी बगीचा के लिए स्थल घर का पिछ्वाड़ा ही होता है जिसे हम लोग बाड़ी भी कहते हैं। यह सुविधाजनक स्थान होता है क्योंद्बक परिवार के सदस्य खाली समय में साग-सब्जियों पर ध्यान दे सकते हैं तथा रसोईघर व स्नानघर से निकले पानी आसानी से सब्जी की क्यारी की ओर घुमाया जा सकता है। सब्जी बगीचा का आकार भूमि की उपलब्धता और व्यक्तियों की संखया पर निर्भर करता है। चार या पाँच व्यक्ति वाले औसत परिवार के लिए 1/20 एकड़ जमीन पर की गई सब्जी की खेती पर्याप्त हो सकती है।

## पौधा लगाने के लिए खेत तैयार करना

सर्वप्रथम 30-40 सेंमी की गहराई तक कुदाली या हल की सहायता से जुताई करें। खेत से पत्थर, झाड़ियों एवं बेकार के खर-पतवार को हटा दें। खेत में अच्छे ढंग से निर्मित 100 कि.ग्राम कृमि खाद चारों ओर फैला दें। आवश्यकता के अनुसार 45 सेंमी या 60 सेंमी की दूरी पर मेड़ या क्यारी बनाएँ।

## सब्जी बीज की बुआई और पौध रोपण

सीधे बुआई की जाने वाली सब्जी जैसे -भिंडी, पालक एवं लोबिया आदि की बुआई मेड़ या क्यारी बनाकर की जा सकती है। दो पौधे 30 सेंमी की दूरी पर लगाई जानी चाहिए। प्याज, पुदीना एवं धनिया को खेत के मेड़ पर उगाया जा सकता है।प्रतिरोपित फसल, जैसे - टमाटर, बैगन और मिर्ची आदि को एक महीना पूर्व में नर्सरी बेड या टूटे मटके में उगाया जा सकता है। बुआई के बाद मिट्टी से ढ़ककर उसके ऊपर 2सब्जी बगीचा का मुखय उद्देश्य अधिकतम लाभ प्राप्त करना है तथा वर्ष भर घरेलू साग-सब्जी की आवश्यकता की पूर्ति करना है। बगीचा के एक छोर पर बारहमासी पौधों को उगाया जाना चाहिए जिससे इनकी छाया अन्य फसलों पर न पड़े तथा अन्य साग-सब्जी फसलों को पोषण दे सकें। बगीचा के चारों ओर तथा आने-जाने के रास्ते का उपयोग विभिन्न अल्पावधि हरी साग-सब्जी जैसे - धनिया, पालक, मेथी,पुदीना आदि उगाने के लिए किया जा सकता है।

50 ग्राम नीम के फली का पाउडर बनाकर छिड़काव किया जाता है ताकि इसे चीटियों से बचाया जा सके। टमाटर,गोभी, बैगन, मिर्ची के लिए 25-30 दिनों की बुआई के बाद तथा प्याज के लिए 40-45 दिनों के बाद पौधे को नर्सरी से निकाल दिया जाता है।टमाटर, बैंगन और मिर्ची को 30-45 सेंमी की दूरी पर मेड़ या उससे सटाकर रोपाई की जाती है। प्याज के लिए मेड़ के दोनों ओर रोपाई की जाती है। रोपण के बाद पौधों की सिंचाई की जाती है।

## फसल चक्र

वर्षा, शरद और ग्रीष्म की फसलें तालिका में बतलाए अनुसार लेना चाहिए -

### वर्ष भर उगाने के लिए फसल चक्र

| खरीफ | रबी | जायद | खरीफ | रबी | जायद |
|---|---|---|---|---|---|
| पालक | मिर्च | ककडी | बैंगन | मूली | भण्डी |
| तरोई | लहसून | छप्पन कद्दू | लोबिया | आलू | कद्दू |
| टमाटर | मैथी | तरबूज | मूली | प्याज | धनिया |
| टिण्डा | मटर | टमाटर | प्याज | पालक | करेला |
| भिण्डी | पत्तागोभी | करेला | भिण्डी | मूली | तरोई |
| लौकी | आलू | खरबूज | धनिया | फूलगोभी | लौकी |
| फूलगोभी | धनिया | प्याज | पुदीना | पुदीना | पुदीना |
| मिर्च | बाकला | टिण्डा | केला | केला | केला |
| ग्वार | बैंगन | बैंगन | नींबू | नींबू | नींबू |
| मिर्च | गाजर | पालक | पपीता | पपीता | पपीता |





# उत्तर भारत में खरीफ मौसम में प्याज की खेती

उत्तरी भारत में प्याज रबी की फसल है यहां प्याज का भंडारण अक्टूबर माह के बाद तक करना सम्भव नही है क्योकि कंद अंकुरित हो जाते हैं।

इस अवधि(अक्टूबर से अप्रैल) में उत्तर भारत में प्याज की उपलब्ध्ता कम होने तथा परिवहन खर्चे के कारण दाम बढ जाते हैं। इसके समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने उत्तर भारत के मैदानो में खरीफ में भी प्याज की खेती के लिए एन-53(ह्-53) तथा एग्रीफाउंड डार्क रैड नामक प्याज की किस्मों का विकास किया है।

**प्याज की किस्म** - एन-53(आई.ए.आर.आई.); एग्रीफाउंड डार्क रैड (एन.एच.आर.डी.एफ.)

**बीज बुआई समय** - मई अंत से जून

**रोपाई का समय** - मध्य अगस्त

**कटाई** - दिसम्बर से जनवरी

**पैदावार** - 150 से 200 क्विंटल/हैक्टेयर





# अरहर में रोग प्रबंधन

अरहर खरीफ की मुख्य दलहनी फसल है। दलहनी फसलों में चना के बाद अरहर का स्थान है। अरहर अंतर फसल एवं बीच के फसल के रूप में उगाई जाती है, अरहर ज्वार, बाजरा, उर्द एवं कपास के साथ बोई जाती है ।अन्य फलों की तरह अरहर में भी रोग का प्रकोप होता है जिनमें से कुछ रोगों के संक्षिप्त विवरण एवं प्रबंधन नीचे दर्शाया गया है ।

**उकठा रोग (विल्ट)**

यह रोग फ्यूजेरियम नामक कवक से होता है । इस रोग में पौधा पीला पड़कर सुख जाता है । फसल में फूल एवं फल लगने की अवस्था में एवं बारिश के बाद इस रोग का प्रकोप अधिक होता है । रोग ग्रसित पौधों की जडें सड़कर गहरे रंग की हो जाती हैं तथा छाल हटाने पर जड़ से लेकर तने तक काले रंग की धारियां पाई जाती हैं । एक ही खेत में कई वर्षों तक अरहर की फसल लेने पर इस रोग की उग्रता बढती है ।

उकठा रोग (विल्ट)

**प्रबंधन –**

- जिस खेत में रोग का प्रकोप अधिक हो वहां 3-4 साल तक अरहर की फसल न लें ।
- खेतों की ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें ।
- ज्वार के साथ अरहर की फसल लेने से रोग की तीव्रता में कमी की जा सकती है।
- कवक नाशी जैसे बेनोमील 50त्न + थायरम 50त्न के मिश्रण का तीन ग्राम प्रति किलो बीज की डर से उपचारित करें ।
- ट्राइकोडर्मा 4 ग्राम/किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करके बोएं ।
- रोग रोधी किस्में आशा, राजीव लोचन, सी -11 आदि का उपयोग बुआई हेतु करें ।

**अरहर का बाँझ रोग –**

यह रोग विषाणु जनित है जिसका वाहक एरियोफिड माईट है जो की एक प्रकार का सूक्ष्म जीव है। इस रोग की अधिकता के कारण 75% तक उत्पादन में कमी देखी गयी है । रोग से ग्रसित पौधे पीलापन लिए हुए झाड़ीनुमा हो जाते हैं । पत्तियों के आकार में कमी, शाखाओं की संख्या में वृद्धि तथा पौधों में आंशिक या पूर्ण रूप से फूलों का नहीं आना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। फूल नहीं आने से फल नहीं लगते इसलिए इस रोग को बाँझ रोग कहते हैं । फसल पकने की अवस्था में रोगी पौधे लम्बे समय तक हरे दिखाई देते हैं जबकि स्वस्थ पौधे परिपक्क होकर सूखने लगते हैं ।

**अरहर का बाँझ रोग –**

**प्रबंधन–**


- जिस खेत में अरहर लगाना हो उसके आसपास अरहर के पुराने एवं स्वयं उगे हुए पौधे नष्ट कर देना चाहिए।
- खेत में जैसे ही रोगी पौधे दिखे उनको उखाड़कर नष्ट कर देना चाहिए।
- फसल चक्र अपनाना चाहिए।
- रोग रोधी प्रजातियाँ जैसे– पूसा-9, आई.सी.पी.एल.-87119, राजीव लोचन, एम.ए.-3, 6, शरद आदि का चयन करना चाहिए।
- फयूराडान 3 जी., की 3 ग्राम मात्रा प्रति किलो बीज की डर से उपचारित करना चाहिए एवं फसल की प्रारंभिक अवस्था में कैल्थेन (1 मिली./ली. पानी) का छिडकाव रोगवाहक माईट के रोकथाम में प्रभावी होता है ।

**तना अंगमारी रोग (स्टेम ब्लाइट)–**

यह रोह कवक के द्वारा होता है। इसका प्रकोप । दिन से लेकर एक माह के पौधों में दिखाई देता है । शीघ्र पकने वाली किस्मों में इस रोग का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक होता है । प्रभावित पौधों की पत्तियों पर पनीले धब्बे बन जाते हैं एवं एक सप्ताह के भीतर पूरी पत्तियां जलकर नष्ट हो जाते हैं । साथ ही तने एवं शाखाओं पर धब्बे गोलाई में बढ़कर उतने भाग को सुखा देते हैं, जिससे तना एवं शाखाएं टूट जाती हैं । इस रोग का प्रकोप कम उम्र के पौधों में अपेक्षाकृत अधिक होता है। अनुचित जल निकास वाले क्षेत्रों में भी इस बीमारी का प्रभाव अधिक होता है ।

**तना अंगमारी रोग (स्टेम ब्लाइट)– प्रबंधन –**

- बीजों को बुवाई से पूर्व रिडोमिल नामक कवकनाशी की 2 ग्रा. मात्रा प्रति किग्रा.बीज की से उपचारित करें ।
- खेतों में जल निकास की उचित व्यवस्था करें ।
- जहाँ इस रोग का प्रकोप अधिक होता है वहां 3-4 वर्ष तक अरहर की फसल नहीं लेनी चाहिए ।
- रोग की प्रारभिक अवस्था में ताम्रयुक्त कवकनाशी जैसे फायटोलान 50त्न की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से या रिडोमिल एम.जेड. 1.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से 10-12 दिन के अन्तराल में छिडकाव करना चाहिए ।
- रोगरोधी किस्में जैसे ः- पूसा-9, एन.ए.-1, एम.ए.-6, बहार, शरद, अमर आदि का चुनाव करना चाहिए।





# मलाइका अरोड़ा से अलग होकर अर्जुन कपूर का जीना हुआ मुश्किल



मुंबई।

अर्जुन कपूर ने एक इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है। अर्जुन कपूर का ये ले-टेस्ट पोस्ट पढ़कर उनके फैंस परेशान हो रहे हैं। उनका कहना है कि आखिर एक्टर कहना क्या चाहते हैं। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा 2019 में साथ आए थे और लगभग 5 साल बाद दोनों अलग हो गए हैं। ऐसे में एक्टर के पोस्ट से समझा जा रहा है कि वह हर पोस्ट मलाइका अरोड़ा के लिए लगा रहे हैं और एक दूसरे को याद कर कर रहे हैं। अर्जुन कपूर ने जो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है, उन्होंने उसमें अपने दिल की परेशानी लिखी है। वह सीधे तौर पर नहीं पर मलाइका को याद कर पोस्ट जरूर कर रहे हैं। फैंस का मानना है कि अर्जुन कपूर का जीना मुश्किल हो रहा है वह एक्स गर्लफ्रेंड के बीना नहीं रह पा रहे हैं। जिस वजह से वह अजीब-अजीब पोस्ट कर रहे हैं। अर्जुन कपूर ने जो अब पोस्ट शेयर किया है उसमें उन्होंने लिखा, जब आप अपने आस-पास क्या हो रहा है उसे कंट्रोल और बर्दाश्त नहीं कर सकते, तो अपने अंदर क्या हो चल रहा है उसे जरूर ठीक कर सकते हैं।अर्जुन कपूर के मलाइका से अलग होने की खबरों के बाद फैंस एक्टर के हर पोस्ट पर नजर रखते हैं। वह चाहते हैं कि उन्हें हर अपडेट मिलती रहे। वहीं, हाल ही में अर्जुन कपूर हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। एक बार फिर अर्जुन कपूर ठीक हालत में नहीं हैं। ये उनकी पोस्ट से सामने आ रहा है।

# 'मिस्टर एंड मिसेज माही' की सफलता के लिए दर्शकों का आभार : जान्हवी कपूर

**मुंबई।** जान्हवी कपूर ने 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में अपनी बेहतरीन एक्टिंग से एक बार फिर अपनी शानदार टेलेंट को पेश किया है। फिल्म ने अपने पहले पांच दिनों में 21.10 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। यह जान्हवी की डेडीकेशन और काम के प्रति जुनून को दर्शाता है। एक्ट्रेस ने फिल्म में एक चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसने उन्हें उनके कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए मजबूर कर दिया। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में जान्हवी एक क्रिकेटर का रोल प्ले कर रही हैं, जिसके लिए उन्होंने बहुत तैयारी और कमिटमेंट दिखाई है। लगभग दो साल तक, जान्हवी ने इस स्पोर्ट में मास्टर करने के लिए कड़ी मेहनत की है, जिससे उनके किरदार में ढलने की उनकी डेडीकेशन का साफ पता चलता है। फिल्म में जान्हवी की शानदार परफॉर्मेंस में उनकी कड़ी मेहनत साफ देखने मिल रहीं है, जिसके लिए एक्ट्रेस को न सिर्फ ऑडियंस बल्कि क्रिटिक्स से भी तारीफ मिल रही है। इसमें कोई शक नहीं कि जान्हवी ने इस फिल्म को अपने कंधों पर उठाया है! एक्ट्रेस ने उन्हे मिल रहे प्यार के लिए अपने फैंस को आभार व्यक्त किया, साथ ही एक्ट्रेस ने कहा है, 'आपके प्यार ने मुझे आगे बढ़ते रहने और ज्यादा मेहनत करने के साथ अपने काम में खुद को आगे बढ़ाने के लिए मोटिवेट किया है। आपका प्यार हर चीज के लायक है! मिस्टर और मिसेज माही मेरे दिल का एक टुकड़ा हैं और उन सभी लोगों के लिए जिन्होंने समझा और जो हम कहना चाह रहे थे उससे जुड़े, थैंक यू '



# बड़े पर्दे पर दुलकर सलमान से भिड़ेंगे शिवकार्तिकेयन?

## 'लकी भास्कर' और 'अमरन' में होगी टक्कर

चेन्नई।

साउथ सिनेमा की कई बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज होने के लिए कतार में हैं। अब ऐसी अफवाहें हैं कि तमिल अभिनेता शिवकार्तिकेयन और मलयालम अभिनेता दुलकर सलमान की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने की संभावना है। दरअसल, दुलकर सलमान की फिल्म 'लकी भास्कर' की रिलीज की तारीख का खुलासा पहले से हो चुका है। यह फिल्म 27 सितंबर को बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। इससे पहले इस फिल्म की टक्कर पवन कल्याण की ओजी से होने की संभावना थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब यह साफ हो चुका है कि पवन कल्याण की फिल्म 'ओजी' 27 सितंबर को नहीं आ रही है और इसलिए उस तारीख पर अब दुलकर सलमान की फिल्म का कब्जा है। मूल रूप से तेलुगु में शूट की गई यह फिल्म बहुभाषी रिलीज होगी। हालांकि, अब एक नई चर्चा शुरू हो गई है। भले ही पवन कल्याण की फिल्म से दुलकर की फिल्म की टक्कर न हो, लेकिन शिवकार्तिकेयन की बहुप्रतीक्षित देशभक्ति फिल्म 'अमरन' से कड़ी टक्कर मिल सकती है। कॉलीवुड फिल्म जगत में चर्चा है कि शिवकार्तिकेयन की 'अमरन' अलग-अलग भाषाओं में उसी तारीख यानी 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। हालांकि, रिलीज की तारीख के बारे में आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।



# सिकंदर' फिल्म की शूटिंग के लिए भाईजान सलमान खान ने शुरू की फाइट सीन्स की रिहर्सल


## 2025 की ईद खाली नहीं जाएगी : सलमान खान

मुंबई। बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान की फिल्मों का फैंस को बेसब्री के साथ इंतजार रहता है। हर साल दबंग खान ईद और दिवाली जैसे बड़े फेस्टिवल पर अपनी फिल्मों को रिलीज करते हैं, लेकिन इस बार 2024 की ईद के मौके पर वह कोई मूवी लेकर नहीं आए, जिससे उनके फैंस थोड़े निराश जरूर हुए।

हालांकि, एक्टर ने उसी दिन यह बता दिया कि 2025 की ईद खाली नहीं जाएगी और अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' की घोषणा भी कर दी, जिसके बाद उनके फैंस काफी खुश हो गए। साजिद नाडियावाला निर्मित इस फिल्म का निर्देशन ए.आर मुरुगदास करने वाले हैं। वहीं, मूवी में सलमान खुद ही एक्शन करते हुए दिखाई देने वाले हैं, जिसकी रिहर्सल भी उन्होंने शुरू कर दी है। सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में राश्मिका मंदाना भी दिखाई देने वाली हैं। यह पहली बार होगा जब ये दोनों स्टार एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। अब इस मूवी को लेकर कुछ नए अपडेट सामने आए हैं।

कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग इसी महीने 27 तार-ीख को शुरू हो सकती है।सिर्फ इतना ही नहीं, मूवी में बहुत सारे एक्शन सीन होने की वजह से सलमान खान ने अपना वर्किंग रूटीन भी बदल दिया है और इस समय वह सुडौल बॉडी पाने के लिए जमकर वर्कआउट कर रहे हैं। बता दें कि इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में होगी। इसके बाद हैदराबाद में और फिर कुछ सीक्वेंस विदेश में भी शूट हो सकते हैं।





# सलमा हायेक ने स्वमिसूट में डाली ऐसी तस्वीर

## फैंस बोले- लगता है 20 साल से आपकी उम्र नहीं बढ़ रही

मुंबई।

सलमा हायेक की खूबसूरती की दुनिया मुरीद है। मेक्सकिो में पैदा हुई अमेरिकी एक्ट्रेस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। 57 साल की सलमा ने इंस्टाग्राम पर स्वमिसूट में अपनी नई तस्वीर शेयर की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लगभग दो दशक पहले के थ्रोबैक शूट की भी फोटो डाली है, जिसके बाद उनके 'तब और अब' का जिक्र किया है। सलमान ने लिखा है कि 'कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते।' अब उनकी इन तस्वीरों को देख दीवाने हुए जा रहे हैं।

सलमा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में जो पहली फोटो शेयर की है, वह 'एच एंड एम' ब्रांड कैंपेन की 1999 की तस्वीर है। इसमें वह भूरे रंग की बिकनी सेट में नजर आ रही हैं। इसके आगे की स्लाइड में उन्होंने भूरे रंग की मोनोकिनी स्विमसूट में फोटो शेयर की है। फैंस तस्वीरें देखकर कह रहे हैं कि दो दशक बाद भी वह शानदार दिखती हैं और ये तस्वीरें इसका सबूत हैं। सलमा का फिल्मी करियर उनकी दमदार एक्टिंग के साथ ही उनके बोल्ड अवतार के लिए भी जाना जाता है। वह कभी हॉलीवुड की 'सेक्स सिंबल' कहलाती थीं। साल 1996, 2003 और 2008 में 'पीपुल' मैगजीन ने उन्हें 'दुनिया की 50 सबसे खूबसूरत महिलाओं' की लिस्ट में जगह दी थी। जबकि 2005 और 2007 में 'मैक्समि' मैगजीन ने भी 'हॉट 100' की लिस्ट में सलमा को जगह दी।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी नवीन अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा, करी की कार्रवाई ध्वस्तीकरण

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)**। जोन-10 अनुमोदित योजना अशोक विहार जगतपुरा की सेक्टर रोड सीमा व सुविधा क्षेत्र की भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त।(1.) प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 08.06.2024 को जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अनुमोदित योजना अशोक विहार जगतपुरा जिला जयपुर की सेक्टर रोड सीमा व सुविधा सुविधा क्षेत्र की भूमि पर गाडियां लोहारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर करीब 15 स्थानों पर टीनशेड, लोहे एंगल, गेट, पानी की टंकी लगाकर लकडी की टेबिल कुर्सियां, पत्थर मलवा डालकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था। जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमणकर्ता को





अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर सेक्टर रोड़ व सुविधा क्षेत्र की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14, 08 तथा पुलिस कमिश्नररेट जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल स्थानीय पुलिस थाना मालवीय नगर का पुलिस बल एवं प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। जोन-12ड्ट निजी खातेदारी करीब 16 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्तीकरण ।

(2). प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 08.06.2024 को जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पिंडोलाई, वृन्दावन विहार कॉलोनी के पास जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ₹वैशाली नगर-द्वितीय₹ के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सड़कें, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।(3). जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सिवार जिला जयपुर में जेडीए की भूमि खसरा नं. 922 के आंशिक भाग को सम्मिलित करते हुये करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर क्रमशः ₹श्याम नगर विस्तार₹ और ₹माँ वैष्णो नगर-द्वितीय₹ के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सड़कें, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर पास-पास में 02 नवीन अवैध कॉलोनियां बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कानियमानुसारखर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।ड्ट ग्राम बिन्दायका में विवादित रास्तें कोकरवायाकब्जा-अतिक्रमण मुक्त(4.) जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिन्दायका में गुरुकृपा विहार कॉलोनी से श्याम वाटिका-तृतीय में कृषि भूमि में विवादित रास्तें पर अवैध रूप से ग्रेवल सड़क दोनो साईड पर दिवार बनाई जा रही थी जिसे मौके पर पहुँचकर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर विवादित रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया गयाउक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## छुट्टी के दिन अफसर ने अवैध बूचड़खानों पर निगम प्रशासन ने लिया एक्शन

- **जयपुर में मीट और मछलियों को किया नष्ट, चोरी छिपे पशुओं को काटा जा रहा**



**चमकता राजस्थान। जयपुर( खलील कुरैशी)**। जयपुर नगर निगम हेरिटेज की टीम ने शनिवार को छुट्टी के दिन अवैध बूचड़खाने और मीट की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची। निगम की पशु प्रबंधन टीम ने मोती डूंगरी जोन में कार्रवाई की। वहीं, हेल्थ डिपार्टमेंट ने 800 किलो से ज्यादा सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेहा गौड़ भी मौजूद रहीं।नगर निगम की पशु प्रबंधन शाखा की टीम ने शनिवार को मोती डूंगरी रोड पर खुले में मांस बेचने वाले व्यापारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने 50 किलो से ज्यादा मांस और मछलियों को जब्त कर नष्ट किया। वहीं निगम गाइडलाइन की अवहेलना करने वाले मीट व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चालान भी काटे गए।

- **निगम द्वारा तय नियमों के विरुद्ध काटा जा रहा है पशुओं को**

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेहा गौड ने बताया- एमडी रोड पर पिछले दिनों अवैध बूचड़खाने को सीज किया गया था। इसके बावजूद मीट व्यापारी बूचड़खाने के बाहर टंकी की आड़ में अवैध तरीके से पशुओं को काट रहा था। इसके खिलाफ आज कार्रवाई कर टंकी को भी जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही अवैध तरीके से काटे गए मांस को जब्त कर नष्ट किया गया है। ताकि आम जनता को सुरक्षित और सेहतमंद रखा जा सके। वहीं, नगर निगम के उपायुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि रामगंज इलाके में मांस बेचने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई में बड़ी संख्या में प्लास्टिक की थेलियां भी जप्त हुई थी। जिसकी पड़ताल में पता चला कि यह थेलियां रामगंज बाजार में ही गोदाम से खरीदी गई है। इसके बाद निगम की टीम ने दो गोदामों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए 800 किलो से ज्यादा से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त किया है। वहीं प्लास्टिक बेचने वाले 2 गोदाम मालिक अशोक और दिलीप के खिलाफ 70 हजार रुपए का चालान भी बनाया है। ताकि पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित रखा जा सके।

## राजस्थान में हर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिलेगा मोबाइल फोन या टेबलेट, मुख्य सचिव पंत ने दिया निर्देश

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)राजस्थान में अब हर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिलेगा मोबाइल फोन या टेबलेट। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश जारी किया है। राजस्थान मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन या टेबलेट दिया जाए। जिससे ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सके। दैनिक समय सारणी को ऑनलाइन लिया जाए। साथ ही प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर बच्चों के अभिभावकों को उसमें जोड़ा जाए। आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों का विस्तृत डाटा तैयार किया जाए जिसमें स्वास्थ्य रिकॉर्ड, अभिभावकों का ब्यौरा शामिल हो। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल-शौचालय निर्माण और बिजली कनेक्शन को प्राथमिकता दें मुख्य सचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल एवं शौचालयों के निर्माण तथा बिजली के कनेक्शन किया जाने को प्राथमिकता दी जाए। विभाग द्वारा कॉन्फेड से संचालित कार्य को और बेहतर किया जाए एवं इसके विकल्प ढूंढे जाए। उन्होंने विभाग में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषाहार सप्लाई की मात्रा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। विभागीय योजना के तहत दिए जाने वाले लाभ महिलाओं एवं बच्चों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ दिए जाए। प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना को जन-जन तक पहुंचाएं मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना एक बेहद ही महत्वपूर्ण योजना है इसकी जागरूकता जन-जन तक पहुंचाई जाए। इस योजना का प्रत्येक योग्य लाभार्थी को लाभ मिले। पी एम जनमन योजना पर भी विशेष ध्यान दिया जाए और आंगनबाड़ी केंन्द्रों को सक्षम बनाया जाए।

## नेटथियेट पर फ्यूजन कथक

### गतभाव,लय में कथक की बारीकियां छलकी

जयपुर/एजेंसी।

नेटथियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज राज्य की सुप्रसिद्ध कथक गुरु श्रुति मिश्रा ने अपने भावपूर्ण कथक नृत्य से जयपुर के शुद्ध कथक की बारीकियों को बड़ी खूबसूरती से पेश किया।

नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि गुरु श्रुति मिश्रा के निर्देशन में दस शिष्यों ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थान की सुप्रसिद्ध मांड केसरिया बालम आवो नी पधारो म्हारे देश से की ' इसके बाद शुद्ध जयपुर कथक में आमद, तिहाईया,परण, चक्करदार परणे और गतभाव, तत्कार, की प्रस्तुति से जयपुर कथक को साकार किया।



कलाकारों ने मीरा के भजन म्हारा जूना जोशी सांवरो मिलन कद होसी और छाप तिलक सब छोड़ी रे मोसे से नैना मिलाके की मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को मोहित किया ।

कार्यक्रम में याशवि पाटनी,झनक अग्रवाल, आशविका जैन, अनवी अग्रवाल,आवया जैन,शैरेया जैन,साधिया जैन,अविका जैन,जिनिशा जैन और आरोही अग्रवाल के नृत्य में लयकारी, ताल एवं गतभाव की स्पष्ट झलक देखने को मिली ।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत सागर गढ़वाल एवं मंच सज्जा जीवितेश एवं अंकित शर्मा नोनू की रही ।

## लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ फोर्टी सलाहकार बोर्ड के सदस्य मनोनीत



**चमकता राजस्थान। जयपुर ( खलील कुरैशी)**। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के एडवाइजरी बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है। लक्ष्यराज सिंह ने इस पद पर मनोनयन के लिए फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि फोर्टी राजस्थान के 10 लाख से ज्यादा उद्योपतियों और व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक मात्र शीर्ष संस्था है। इसके साथ मिलकर राजस्थान के आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए काम करना सम्मान की बात है। इस मौके पर फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्यराज सिंह उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य होने के साथ एक सफल उद्यमी हैं। एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स के निदेशक के तौर पर लक्ष्यराज ने होटल और टूरिज्म इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। होटल और टूरिज्म इंडस्ट्री में इनके योगदान को देखते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने इन्हें अपना पर्यटन सलाहकार और ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। फोर्टी संरक्षक सुरजाराम मील का कहना है कि लक्ष्यराज सिंह के जुड़ने से फोर्टी की प्रतिष्ठा को चार चांद लगेंगे। लक्ष्यराज सिंह को फोर्टी एडवाइजरी बोर्ड में शामिल करने में फोर्टी ब्रांच चेयरमैन प्रवीण सुथार का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रवीण सुथार का कहना है कि उदयपुर में फोर्टी की मजबूत उपर्सथति है।लक्ष्यराज सिंह के साथ मेवाड़ की गौरवशाली प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है, वे खुद इनोवेटर आन्त्रप्रन्योर हैं। इनकी सलाह से फोर्टी को काफी लाभ होगा। अब हम उदयपुर के साथ दक्षिणी राजस्थान के सभी जिलों में फोर्टी की शाखाओं का विस्तार करेंगे और इस क्षेत्र के उद्योगपतियों और व्यापारियों की समस्याओं को दूर कर फोर्टी के मंच के माध्यम से सरकार की औद्योगिक प्रोत्साहन योजनाओं को उद्यमियों तक पहुंचाएंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल तीसरी बार लेंगे शपथ, प्रदेश भाजपा कार्यालय में होगी आतिशबाजी: मुकेश पारीक

### पीएम मोदी के शपथ ग्रहण के अवसर पर राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों पर मनाया जाएगा जश्न:- मुकेश पारीक



चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। देशभर में एनडीए की जीत के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। रविवार को राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय में उत्सव मनाया जाएगा। पारीक ने बताया कि रविवार शाम 7 बजे एक ओर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी की जाएगी। शहर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा आमजन के साथ खुशियां मनाई जाएगी और मिठाई बांटी जाएगी। मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर भाजपा प्रदेश कार्यालय को रोशनी से जगमग किया गया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कहा कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो सफर शुरू किया वो 2019 के बाद अब 2024 में लगातार जारी है। भाजपा एनडीए के समर्थन में सरकार बनाने जा रही है। आज देशभर के विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना और लक्ष्य दलित, वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के साथ महिला, युवा और गरीब का कल्याण करना है। पीएम मोदी ने पिछले 10 सालों में हर वर्ग के विकास और उत्थान के लिए बिना किसी भेदभाव के काम किया। इसलिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ आमजन में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर खुशी है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929